राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 56, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 12 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

दिव्यांग से लिए उत्पाद शुल्क और रोड टैक्स राशि लौटाएगी मारूति सुजुकी कंपनी .... पेज 03

देवबंद में घर में चल रहा था अवैध स्लाटर हाउस, पुलिस ने तीन गोकशों को गिरफ्तार किया .... पेज 05

यूएस ओपन : जोकोविच ने जीता ऐतिहासिक 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब .... पेज 07

### सोशल मीडिया पर छत्रपति शिवाजी के खिलाफ पोस्ट, हिंसा भड़की

## महाराष्ट्र में पथराव-आगजनी, 2 की मौत, 8 घायल; इलाके में इंटरनेट बंद

मुंबई। महाराष्ट्र के सातारा जिले की खटाव तहसील में रविवार 10 सितंबर की रात एक समुदाय ने दूसरे समुदाय के लोगों के घरों पर पथराव किया, जिसके बाद वहां हिंसा भड़क गई। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 9 सितंबर को एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर छत्रपति शिवाजी महाराज के खिलाफ पोस्ट की थी। इसके बाद से ही इलाके में तनाव का माहौल था। पुलिस ने बताया कि पुणे से करीब 150 किलोमीटर दूर स्थित पुसेसावाली गांव



से हिंसा शुरू हुई थी। दो समुदाय के लोगों ने कई दुकानों और घरों में आग लगा दी। हालात काबू करने के लिए इलाके की इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है।

### पुलिस ने पोस्ट करने वाले व्यक्ति को हिरासत में लिया

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि लगभग एक हजार लोगों की भीड़ ने गांव में पत्थरबाजी, तोड़फोड़ और आगजनी की। उन्होंने सड़क किनारे खड़े वाहनों में भी आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सातारा के स्क्र समीर शेख पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद हालात नियंत्रित हुए।

### सातारा सांसद ने शांति बनाए रखने की अपील की

सातारा से सांसद श्रीनिवास पाटिल ने सरकार से हालात को नियंत्रित रखने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा है। पाटिल ने कहा, यहां जो कुछ हुआ, बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मेरी अपील है कि सभी लोग शांति बनाए रखें। वहीं, सातारा के डीएम ने भी अपील की कि लोग सोशल मीडिया पर ऐसी पोस्ट ना करें, जिससे तनाव पैदा हो। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें और इलाके में शांति बनाए रखें।

## मुंबई में 40वीं मंजिल से कंस्ट्रक्शन लिफ्ट गिरी : 7 मजदूरों की मौत

मुंबई। मुंबई में रविवार शाम को एक निर्माणाधीन इमारत में 40वीं मंजिल से कंस्ट्रक्शन लिफ्ट गिर गई। हादसे में लिफ्ट में सवार 7 मजदूरों की मौत हो गई। ठाणे म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन की डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख यसीन तड़वी ने बताया कि सभी मजदूर वॉटर प्रूफिंग का काम करने के बाद 40वीं मंजिल पर लिफ्ट में घुसे। तभी लिफ्ट अचानक से टूट गई और अंडरग्राउंड पार्किंग में आकर गिरी। माना जा रहा है कि लिफ्ट की केबल के टूटने के चलते यह हादसा हुआ। ये एक आम लिफ्ट नहीं, बल्कि कंस्ट्रक्शन लिफ्ट थी। ऐसी लिफ्ट का इस्तेमाल बिल्डिंग के बनने के दौरान किया जाता है। हादसे की सूचना मिलने के बाद रीजनल डिजास्टर मैनेजमेंट सेल और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और बेसमेंट पार्किंग से मजदूरों को बाहर निकाला। यसीन तड़वी ने बताया कि लिफ्ट कैसे खराब हुई, इसका पता लगाया जाएगा। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान महेंद्र चौपाल (32), रूपेश कुमार दास (21), हारुन शेख (47), मिथलेश विश्वकर्मा (35), कारी दास (38) और नवीन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। सातवें मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है।

## तमिलनाडु : तिरुपथुर में भीषण सड़क हादसा, सात की मौत

### ट्रक-वैन की टक्कर में फुटपाथ पर बैठे लोग कुचले

तमिलनाडु के तिरुपथुर में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां फुटपाथ पर बैठी सात महिलाओं की वैन से कुचलने के बाद मौत हो गई। बताया गया है कि जब यह वैन सड़क के किनारे खड़ी थी, ठीक उसी दौरान लॉरी ने इसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह वैन फुटपाथ पर बैठी महिलाओं को कुचलती चली गई।

पुलिस के मुताबिक, जिस वैन से यह हादसा हुआ, वह फुटपाथ पर बैठी महिलाओं को ही ले जा रही थी। हालांकि, रास्ते में कुछ खराबी आ जाने की वजह से वे सभी इससे उतरकर सड़क किनारे बैठ गई थीं। ये महिलाएं कर्नाटक से लौट रही थीं। हादसे में 13 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, घायल हुए लोग वेल्लोर जिले में अंबुर के निकट ओनांगुट्टई




गांव के उस समूह का हिस्सा थे, जो आठ सितंबर को कर्नाटक के धर्मशाला की यात्रा पर गया था। पीड़ित दो वैन में घर लौट रहे थे, तभी बेंगलुरु-चेन्नई राष्ट्रीय राजमार्ग पर नटरामपल्ली में एक वाहन का टायर फट गया, जिससे यात्री बीच मार्ग में फंस गए।

उन्होंने कहा, ''पर्यटकों को उतरने के लिए कहने के बाद वैन चालक मरम्मत कार्य में जुट गया था। तभी अचानक बेंगलुरु से आ रही एक तेज रफ्तार लॉरी ने वैन को पीछे से टक्कर मार दी और टक्कर के कारण वैन सात महिलाओं को कुचलते हुए पलट गई।'' पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मीरा, देइवानई, सीताम्मल उर्फ सेल्वी, देवकी, सावित्री, कलावती और गीतांजलि के रूप में की गई है।

### तमिलनाडु सीएम ने किया मुआवजे का एलान

वैन से यात्रा करने वाले 10 लोग और लॉरी में सवार तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें तिरुपत्तूर एवं वानियमबाडी सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। नटरामपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करते हुए प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक-एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने एक बयान में कहा कि घायलों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री जन राहत कोष से 50-50 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा।

## ममता बनर्जी ने बाबुल सुप्रियो समेत 6 मंत्रियों के विभाग बदले

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया। इसके तहत, बाबुल सुप्रियो को पर्यटन विभाग से हटाकर सूचना प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग का प्रभार सौंपा। सीनियर अधिकारी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री इंद्रनील सेन को पर्यटन विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। नौकरशाह ने कहा कि वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को सार्वजनिक उद्यम और औद्योगिक पुनर्निर्माण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल सरकार में प्रदीप मजुमदार के पास पंचायत विभाग था, उन्हें को-ऑपरेटिव विभाग का अतिरिक्त भार सौंपा गया है। वहीं, अरूप राय के पास को-ऑपरेटिव विभाग था, उन्हें अब फूड प्रोसेसिंग सौंपा गया है। निवेश की तलाश में दुबई और स्पेन की यात्रा पर रवाना होने की पूर्व संध्या पर बनर्जी ने यह फेरबदल किया। इस बीच, राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने दो दिन पहले केंद्र व राज्य सरकार को भेजे 2 गोपनीय पत्रों की जानकारियां देने से इनकार कर दिया।

## सऊदी अरब भारत के लिए खास

### भारत-सऊदी अरब आर्थिक सहयोग , उर्जा विकास और डिजिटल कनेटक्टिविटी के नये आयाम जोड़ेंगे

नयी दिल्ली। भारत - सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की आज यहां पहली बैठक में दोनों पक्षों ने अपने प्रगाढ़ आपसी सहयोग में आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी के नए और आधुनिक आयाम जोड़ने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सऊद ने इस बैठक की संयुक्त रूप से अध्यक्षता की।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में कहा भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2019 में उनकी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान घोषित भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद के नेताओं की पहली बैठक में भाग लेना उनके लिए प्रसन्नता की बात है। इन चार वर्षों में यह परिषद हमारी रणनीतिक



साझीदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है।

मोदी ने कहा इस परिषद के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की ज़रूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदारों में से है। विश्व की दो बड़ी और तेज़ गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा सऊदी अरब के युवराज के साथ बैठक में हमने हमारी करीबी साझीदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की है।

आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।

मोदी ने कहा कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरुआत की है। इस कॉरिडोर से केवल दोनों देशों ही आपस में नहीं जोड़ेगा, बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा।

सऊदी अरब के युवराज के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, आपके नेतृत्व में और आपके विज़न 2030 के माध्यम से सऊदी अरब जिस तेज़ी से आर्थिक और सामाजिक प्रगति कर रहा है, उसके लिए में हृदय से आपका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूँ।

प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब में रहने वाले भारतीयों के हितों की सुरक्षा और उनके कल्याण के लिए सऊदी अरब के शासन की प्रतिबद्धता तथा जी 20 शिखर-सम्मेलन की सफलता में योगदान के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## देश के सबसे बड़े गोल्ड लूटकांड के आरोपी की हत्या

### हाजीपुर में बदमाशों ने दौड़ा-दौड़ाकर मारी 7 गोलियां

हाजीपुर (वैशाली)। हाजीपुर में देश के सबसे बड़े गोल्ड लूट केस के आरोपी युसूफ कौशल उर्फ हनी राज की हत्या कर दी गई। गैंगवार में बदमाशों ने हनी राज का पीछा कर उसे ताबड़तोड़ 7 गोलियां मारी गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि हनी राज पैदल जा रहा था, तभी दो बाइक से 4 बदमाश पहुंचते हैं। उनके हाथ में गन है।

उन्हें देखते ही वो भागता है, बाइक छोड़कर अपराधी उसका पीछा करते हैं। बदमाशों ने आरएन कॉलेज के सामने उस पर फायरिंग कर देते हैं।

बाग दुल्हन निवासी नियाज कौशल का बेटा युसूफ कौशल उर्फ हनी राज 55 किलो गोल्ड लूट केस में आरोपी था। वह 6 महीने पहले ही जेल से छूट



कर घर आया था। हनी राज की बहन ने बताया कि उसने फोन कर कहा था कि घर आ रहा हूं, खाना खाने के लिए। लेकिन वो नहीं आया। बाद में उसके दोस्त पवन का कॉल आया।

### दौड़ाकर हनी राज को मारी गोली

सीसीटीवी में दिख रहा युवक पैदल चल रहा था। इसी दौरान दो बाइक से आए 4 लोगों ने पीछे से वार किया। इस दौरान युवक ने भागने की कोशिश की। सामने दीवार होने की वजह से उसे चारों बदमाशों ने पकड़ लिया। इस दौरान उसको ताबड़तोड़ 7 गोलियां मार दी। उसकी पीठ पर 4-5 गोलियां लगी है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग जुट गए। दोस्त ने इलाज के लिए युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद परिजन को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### देश के सबसे बड़े गोल्ड लूट केस में था आरोपी

बता दें कि हाजीपुर में 23 नवंबर 2019 को मुथूट फाइनेंस कंपनी से सोने की लूट हुई थी। 8 बदमाशों ने 55 किलो सोने की लूट की थी। उस वक्त लूटे गए सोने की कीमत 20 करोड़ थी।

### 3 साल में केस के दूसरे आरोपी की हत्या

गोल्ड लूट के इस केस में राज हनी दूसरा आरोपी है जिसकी हत्या हुई है। इससे पहले 3 जनवरी 2020 को हाजीपुर जेल के अंदर ही मनीष कुमार को गोली मारी गईं थी। मनीष भी इस केस के 5 आरोपियों में एक था। उसके सिर में गोली मारी गई थी।

### क्या कहते हैं पुलिस अधिकारी

सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि हनीराज 6 महीने पहले ही जेल से निकल कर बाहर आया था। यह गोल्ड लोन मुथूट फाइनेंस कंपनी से 55 किलो सोना लूट मामले में शामिल था।

## हिमाचल में टिप्पर के खाई में गिरने से तीन की मौत, पांच घायल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जिले में रोहड़ू के चिड़गांव में एक टिप्पर खाई में गिरने से तीन व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हैं। बताया गया है कि हादसा रविवार शाम खशधार में हुआ। मृतक व घायल लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार के पास काम करने वाले मजूदर हैं। ये सभी नेपाली मूल के हैं। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त जय बहादुर (48), दिल बहादुर (36) और चालक दिनेश बहादुर (19) के रूप में हुई है। इनमें जय बहादुर और दिल बहादुर की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हुई, जबकि चालक दिनेश बहादुर ने अस्पताल में दम तोड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये सभी काम निपटाकर टिप्पर में सवार होकर अपने निवास स्थानों को जा रहे थे कि खशधार में चालक ने नियंत्रण खो दिया और टिप्पर खाई में लुढ़क गया।

## बारामूला से लश्कर के 3 आतंकी गिरफ्तार

### नए आतंकियों की भर्ती करते थे; इनके पास चीनी ग्रेनेड और 30 जिंदा कारतूस मिले

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तीन लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक आतंकी भर्ती मॉड्यूल का खुलासा हुआ। सेना और पुलिस ने रविवार शाम क्रीरी इलाके के मुखबिर से मिली जानकारी पर कार्रवाई की। सेना की 52 क्रक्रऔर पुलिस की जॉइंट टीमों ने चाय के टपरे में मोबाइल चेक प्वाइंट बनाया। जिसके बाद संदिग्ध घूम रहे तीन लोगों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से चीनी ग्रेनेड समेत तीन ग्रेनेड और एके-47 के 30 राउंड बरामद किए गए। गिरफ्तार लोगों की पहचान लतीफ अहमद डार, शौकत अहमद लोन और इशरत रसूल के रूप में हुई है। तीनों ने लश्कर-ए-तैयबा का ओवरग्राउंड वर्कर होने की बात कबूली है।

### 4 लोगों को आतंकी ट्रेनिंग के लिए तैयार किया था

सेना और पुलिस ने क्रीरी पुलिस स्टेशन



में इनके खिलाफ यूएपीए और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने क्रीरी के चार लड़कों को आतंकी ट्रेनिंग के लिए चुना था। वे इन्हें आने वाले समय में आतंकवादी संगठन में शामिल करने वाले थे।

पुलिस के मुताबिक क्रीरी में भर्ती मॉड्यूल के मास्टरमाइंड थे। इतना ही नहीं वे एक्टिव आतंकवादियों उमर लोन और विदेशी आतंकी उस्मान के संपर्क में भी थे।

### सेना बारामूला में आईईडी डिफ्यूज किया

सोमवार सुबह भी सेना ने श्रीनगर-बारामूला नेशनल हाईवे पर हांजीवेरा पट्टन में एक आईईडी का पता लगाया। जिसे डिफ्यूज करने के लिए हाईवे का ट्रैफिक ब्लॉक किया गया। पुलिस और सेना के मुताबिक पुलिस के बम निरोधक दस्ते की टीमें मौके पर पहुंचीं और इसे सुरक्षित ढंग से नष्ट किया गया।

## महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, बंगाल व कर्नाटक में आत्महत्या की दर सबसे अधिक

कोलकाता। देश में आत्महत्या के 50 प्रतिशत से अधिक मामले पांच प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किए जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2021 में देश में आत्महत्याएं के मामलों की कुल संख्या 1,64,033 थी। एनसीआरबी रिपोर्ट ने अगस्त 2022 में इस चौंकाने वाले डेटा का खुलासा किया। सोलास नामक एक गैर-लाभकारी गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यहां एक मीडिया सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि आंकड़े चिंताजनक हैं, 2021 में देश में दर्ज की गई आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की चिंताजनक वृद्धि हुई है और कुल संख्या 1,64,033 मामलों तक पहुंच गई है। इन दुखद घटनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्य रूप से पांच राज्यों, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, कुल मिलाकर, सभी आत्महत्याओं के 50.4 प्रतिशत मामले देश के इन पांच राज्यों में दर्ज किए गए। नयी दिल्ली स्थित एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या कई कारकों से हो सकती है, जैसे किसी के पेशे या करियर से संबंधित मुद्दे, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक संघर्ष, मानसिक स्वास्थ्य विकार, शराब की लत, वित्तीय असफलताएं, क्रोनिक दर्द, और भी बहुत कुछ। सोलास संकटग्रस्त लोगों को परामर्श देकर आत्महत्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। इसने कहा कि एनसीआरबी केवल पुलिस को रिपोर्ट किए गए मामलों से आत्महत्याओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करता है। आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों और विशेषज्ञों का मानना है कि आत्महत्या के विचार वाले व्यक्ति अपने जीवन को समाप्त करने की इच्छा के बजाय अपने दर्द से राहत चाहते हैं। प्रसिद्ध मनोचिकित्सक जय रंजन राम ने रविवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के वार्षिक समारोह को चिह्नित करने के लिए लाइफलाइन फाउंडेशन के सोलास का अनावरण किया, जो आत्महत्या से बचे लोगों और उनके परिवारों के लिए एक नई सहायता समूह पहल है।

### विवादित बोल

### स्टालिन ने विपक्षी अन्नाद्रमुक पर भी कटाक्ष किया और इसे सांपों को आश्रय देने वाला कचरा करार दिया

## 'जहरीला सांप है बीजेपी' : उदयनिधि के फिर विवादित बोल

तमिलनाडु । सनातन धर्म को खत्म करने की बात कहने वाले तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि के बिगड़े बोल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सनातन पर अपनी टिप्पणी पर भाजपा की आलोचना का सामना करने के बाद तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि ने भाजपा को जहरीला सांप कहकर नया विवाद खड़ा कर दिया है। रविवार को तमिलनाडु के नेवेली में डीएमके विधायक सभा राजेंद्रन के विवाह समारोह में उदयनिधि स्टालिन ने यह टिप्पणी की। उदयनिधि स्टालिन ने विपक्षी अन्नाद्रमुक पर भी कटाक्ष किया और इसे सांपों को आश्रय देने वाला कचरा करार दिया। उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी लोकसभा सांसद और डीएमके के उप महासचिव ए राजा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना सांप से करने के कुछ दिनों बाद आई है।

### उदयनिधि ने अब क्या कहा

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कहा, अगर कोई जहरीला सांप आपके घर में घुस जाए, तो उसे फेंक देना ही काफी नहीं होगा क्योंकि वह आपके घर के पास कूड़े में छिप सकता है। जब तक आप झाड़ियां साफ नहीं करेंगे, सांप आपके घर में लौटता रहेगा। आगे कहा, अब, अगर



हम इसकी तुलना मौजूदा स्थिति से करें, तो मैं तमिलनाडु को अपना घर मानता हूं, जहरीले सांप बीजेपी और हमारे घर के पास का कूड़ा एआईएडीएमके। जब तक आप कूड़ा साफ नहीं करेंगे, आप नहीं रह पाएंगे। जहरीले सांप को दूर भगाओ। भाजपा से छुटकारा पाने के लिए, आपको अन्नाद्रमुक को भी खत्म करना होगा।

### सनातन पर कमेंट पर सफाई

अपनी सनातन धर्म टिप्पणी के बारे में बोलते हुए, उदयनिधि स्टालिन ने दोहराया कि उनकी टिप्पणियों को गलत समझा गया और नरसंहार के आह्वान के रूप में गलत तरीके से चित्रित किया गया। उन्होंने कहा, मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और यह झूठा दावा किया गया कि मैंने नरसंहार का आह्वान किया था। ईमानदारी से कहूं तो, मणिपुर में नरसंहार हो रहा है, जहां भाजपा पिछले पांच महीनों से शासन कर रही है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं।

### ए राजा भी कह चुके ऐसा

गौरतलब है कि इससे पहले ए राजा ने पीएम मोदी की तुलना सांप से की थी। कहा था, हर कोई मोदी नामक सांप को हराने के लिए तैयार है, लेकिन किसी के पास सांप के काटने की दवा नहीं है। वे सभी लाठी लेकर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें सांप द्वारा काटे जाने का डर होता है। किसी के पास इसका इलाज नहीं है।

## नीतीश ने ठाणे दुर्घटना में बिहार के चार लोगों की मौत पर जताया शोक



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महाराष्ट्र के ठाणे के बालकुम इलाके में बहुमंजिला इमारत की लिफ्ट गिरने की घटना में बिहार के समस्तीपुर जिले के रहनेवाले चार मजूदरों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। कुमार ने इस घटना को काफी दुखद बताया है। उन्होंने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईष्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है।

# शार्ट न्यूज

## राकांर्पा की बैठक भोपाल में 23 सितंबर को

नयी दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी( राकांपा) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल अगले सप्ताह भोपाल में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक करेंगे। राकांपा के प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री पटेल 23 सितम्बर को पार्टी के प्रदेश तथा ज़िला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगे। उनका कहना था कि प्रदेश के पदाधिकारी लगातार केंद्रीय नेतृत्व से इस तरह की बैठक आयोजित करने का आग्रह कर रहे थे जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से मध्यप्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता केन्द्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श का अनुरोध कर रहे थे। प्रदेश के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुये श्री पटेल ने 23 सितंबर को भोपाल में कार्यकर्ताओं से विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करने का फ़ैसला लिया है। श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि इस अवसर पर प्रदेश के समस्त पदाधिकारी तथा ज़िला कमेटियों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक के आयोजन का जिम्मा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पटेल को सौंपा गया है।

## पराली जलाने वालों पर ढ़ाई हजार रुपये प्रति एकड़ जुर्माना लगाने का आदेश

**नवांशहर।** पंजाब में शहीद भगत सिंह नगर के उपायुक्त (सामान्य) राजीव वर्मा ने सोमवार को पराली जलाने वाले किसानों पर प्रति एकड़ 2500 रुपये जुर्माना वसूल करने का आदेश दिया है। जिले में पराली जलाने के प्रबंधन की प्रगति और तैयारी की समीक्षा करते हुए एडीसी (जी) ने कहा कि सरकार द्वारा पराली जलाने पर प्रति एकड़ के लिए 2500 रु, 2-5 एकड़ के लिए 5,000 रु., पांच एकड़ से अधिक के लिए 15,000 रुपये की दर से जुर्माना लगाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस वर्ष जिला शहीद भगत सिंह नगर में पराली जलाने की कोई घटना नहीं होगी और ऐसे मामले में कृषि विभाग द्वारा कोई जुर्माना नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कृषि विभाग को सहकारी समितियों के साथ पूर्ण समन्वय बनाकर गहन जागरूकता सृजन कार्यक्रम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों को पूर्ण समर्थन और मशीनरी की पहुंच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

## मिशन इंद्रधनुष के तहत बच्चों , गर्भवती महिलाओं के लिए टीकाकरण अभियान का पहला दौर शुरू

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने सोमवार को जिले में पांच वर्ष तक की आयु के 5591 बच्चों और 1003 गर्भवती महिलाओं को कवर करने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष-5.0 के तहत टीकाकरण अभियान के पहले दौर की शुरुआत की। सारंगल ने सिविल अस्पताल में ड्राइव की शुरुआत करने के बाद ने कहा कि यह ड्राइव तीन राउंड में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कवर करने के लिए टीकाकरण का पहला दौर 15 सितंबर तक, दूसरा दौर नौ से 14 अक्टूबर तक और तीसरा चरण 20 से 25 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य टीमों ने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां ये बच्चे रहते हैं और उन सभी को कवर करने के लिए वहां विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में 272 एएनएम और 1400 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण भी दिया है। सारंगल ने पुलिस, शिक्षा, स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा विभागों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शिविरों के दौरान स्वास्थ्य टीमों को पूरे दिल से समर्थन प्रदान करने का आदेश दिया।

## राजस्थान में तीसरे मोर्चे की सरकार बनेगी

अलवर । राष्ट्रीय लोकजन पार्टी आरएलपी के सुप्रीमो सांसद हनुमान बेनीवाल ने दावा किया है कि राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों में तीसरा मोर्चा की सरकार बनेगी। बेनीवाल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हें सत्ता का लोभ नहीं है लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर राजस्थान को भय मुक्त प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि जब भी राजस्थान में आंदोलन हुए हैं तब भी हनुमान बेनीवाल सब आंदोलन में शामिल रहे हैं। अलवर के आंदोलन में भी उन्होंने पूरी तरह सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि अगर वह चाहते तो वर्ष 2003 में ही सत्ता में मंत्री बन जाते लेकिन उनका मकसद सत्ता हासिल करना नहीं था उनका मकसद राजस्थान में व्याप्त समस्याएं दूर करना है। इसलिए वह आज तक जयपुर से लेकर दिल्ली तक लड़ाई लड़ रहे हैं। छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर प्रत्येक जिले में छात्रों की होकर रैली का आयोजन किया जा रहा है और उनके मूल मकसद ही यही है कि राजस्थान सरकार द्वारा कैंसिल किए गए छात्र संघ चुनाव कराया जाए। इसके अलावा बेरोजगारों के मुद्दे, किसानों के मुद्दे ,महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे एवं अन्य बढ़ते अपराधों को रोकना उनका मूल मकसद है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्होंने उनकी दो बार मदद की लेकिन वह कांग्रेस को नहीं छोड़ पाए।

## गहलोत करेंगे चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण

**कोटा।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को कोटा में चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण एवं बुधवार को ऑक्सीजन सिटी पार्क का शुभारंभ कर इन्हें जनता को समर्पित करेंगे और इसी के साथ कोटा में हुआ यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विकास कई विश्व रिकार्ड कायम कर देगा। कोटा में भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के बेहतरीन उदाहरण देखने को मिलेंगे और यहां आने वाले पर्यटक एवं अन्य लोग सहज ही इन विशेषताओं के प्रति आकर्षित होंगे। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के अनुसार कोटा में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विकास किया गया हैं और यह कोटा मॉडल के नाम से प्रसिद्ध होगा जहां वास्तुशिल्प की उत्कृष्टता कोटा को ऐसा शहर बनाती है जो एक अंतराष्ट्रीय शहर के रुप में उभर कर सामने आयेगा। उन्होंने बताया कि यह देश में कोटा अर्बन डेवलपमेंट का मॉडल बनकर उभरेगा। धारीवाल ने बताया कि कोटा में ऐसे कई काम कराये गये है जो विश्व रिकॉर्ड कायम करते हैं उनमें रिवर फ्रंट पर चम्बल माता की 225 फुट ऊंची संगमरमर की मूर्ति बनाई गई है जो विश्व में सबसे ऊंची है । मंगलवार को श्री गहलोत के द्वारा चंबल रिवर फ्रंट का लोकार्पण के दौरान बटन दबाते ही इस चंबल माता की मूर्ति के हाथों में बने घड़े से पानी चम्बल नदी में गिरने के साथ ही रिवर फ्रंट का शुभारंभ हो जायेगा। इस दौरान 125 पंडितों के जरिए चम्बल नदी की पूजा भी की जायेगी।

## छेड़छाड़ करने के आरोपी को 3 वर्ष की सजा

श्रीगंगानगर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो एक्ट) मामलों की विशेष अदालत (संख्या-01) के न्यायाधीश सुरेंद्र खरे ने एक युवक को दिनदहाड़े घर में जाकर किशोरी से छेड़छाड़ करने का दोषी करार देते 3 वर्ष कैद की आज सजा सुनाई। प्रकरण के तथ्यों की जानकारी देते विशिष्ट लोक अभियोजक गुरुचरणसिंह रुपाणा ने बताया कि लालगढ़ जाटन थाना क्षेत्र के एक गांव में यह घटना 19 दिसंबर 2020 की सुबह लगभग 10: 30 बजे घटित हुई। लगभग 15 वर्षीय किशोरी घर में अकेली थी। वह घर के आंगन में धूप सेक रही थी। उसकी मां और पिता अपने अपने काम से बाहर गए हुए थे। इतने में आरोपी विनोद नायक (20) निवासी रोटांवाली दीवार फांदकर घर में आ गया और उससे अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी के किशोर मचाने पर वह भाग गया। इस घटना के संबंध में पीड़ित किशोरी द्वारा की गई रिपोर्ट के आधार पर 19 दिसंबर को लालगढ़ जाटान थाना में आरोपी विनोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विनोद का पीड़िता के गांव में ननिहाल है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच की जिसमें विनोद को घटना का दोषी पाया गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत में चालान प्रस्तुत होने पर अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह और 17 दस्तावेज अक्षय प्रस्तुत किए गए। आरोपी विनोद की ओर से भी दो गवाह पेश किए गए। विद्वान न्यायाधीश ने आज निर्णय देते विनोद नायक को दोषी करार दिया। उसे धारा 451 और 354 में एक-एक वर्ष साधारण कारावास की सजा और दो-दो हजार रुपए का अर्थदंड लगाया। पोक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत 3 वर्ष साधारण कारावास और 5 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया गया है।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ चुनाव के लिए बनाई समितियां

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कोर कमेटी, प्रचार समिति, संचार समिति सहित कई समितियों का गठन किया है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के नामों का ऐलान किया है।

उन्होंने बताया कि कोर समिति का संयोजक प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा को बनया गया है जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दीपक बैज, टीएस सिंह देव, चरन दास महंत, ताम्रध्वज साहू और शिव कुकार दहारिया को इसका सदस्य बनाया गया है।

चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष



चरण दास महंत को बनया गया है जबकि भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव, ताम्रध्वज साहू, रवींद्र चौबे, मोहम्मद अकबर, शिवकुमार दहारिया, कवासी लक्ष्मा, प्रेमसाही सिंह टेकाम, अनिला भेंदिया, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रुद्र कुमार, मोहन मारकम, पमेश पटेल, संत कुमार नेताम, ज्यात्सना महंत, राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन, फूलो देवी नेताम, केटीएस तुलसी, नंद कुमार साई, लोचन विश्वकर्मा सहित 74 लोगों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

संचार समिति का अध्यक्ष रवींद्र चौबे को बनया गया है जबकि राजेश तिवारी और विनोद वर्मा को इसका संयोजक और सुशील आनंद शुक्ला को समन्वयक बनाया गया है।

इंगरिट मैकलोड, आरपी सिंह, जयवर्द्धन बिस्सा, नीता लोधी सहित 15 लोग समिति में शामिल हैं। इसी तरह से प्रोटोकाल समिति में 25 सदस्य हैं और अमरजीत भगत को इसका अध्यख तथा शिव सिंह ठाकुर को संयोजक और अजय साहू को समन्वयक बनाया गया है।

## देशभर में लगेंगे आयुष्मान मेले

नयी दिल्ली। सरकार ने बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा करने के लिए देशभर में आयुष्मान मेले आयोजित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 'आयुष्मान भव' अभियान के अंतर्गत देशभर में एक लाख 17 हजार स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों पर आयुष्मान मेला का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों में गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों की जांच की जाएगी और उनकी बीमारियों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंड स्तर के अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय अपने अपने परिसरों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करेंगे। इस दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों, अस्पतालों और डिसपेंसरियों में स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

# कश्मीर में मनाया गया मखदूम साहब का वार्षिक उर्स

**श्रीनगर।** सूफी संत, सुल्तान-उल-आरीफीन हजरत शेख हमजा मखदूम साहिब (आरए) के वार्षिक उर्स के अवसर पर सोमवार को श्रीनगर में मखदूम साहिब दरगाह पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को नौहट्टा और रैनावारी गुरुद्वारा की ओर से दरगाह की ओर जाते देखा गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के लिए विस्तृत व्यवस्था की थी।

मखदूम साहब और सुल्तान-उल-आरिफ़ीन के नाम से प्रसिद्ध सूफी संत श्रीनगर के सबसे सम्मानित संत हैं और उनके अनुयायी, मुस्लिम और गैर-मुस्लिम, लगभग 500 वर्षों से इस दरगाह पर आते रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने महबूबुल आलम, सुल्तान उल अरीफीन शेख हमजा मकदूमी (आरए) के वार्षिक उर्स पर लोगों को बधाई दी।

फारूक ने कहा, सूफी रहस्यवाद में कश्मीर के योगदान और बेजोड़ आध्यात्मिक प्रतिष्ठा वाले हजरत सुल्तान उल अरीफीन जैसे महान विद्वानों ने समय-समय पर इसका पोषण किया। ये महापुरुष महान भक्ति, नि:स्वार्थता और तपस्या करने वाले लोग थे।

अपनी पार्टी के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी ने सोमवार को वार्षिक उर्स के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

बुखारी ने अपने संदेश में कहा, हजरत सुल्तान-उल-अरिफीन के वार्षिक उर्स के शुभ अवसर पर, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों, विशेषकर सूफी संत के अनुयाइयों को शुभकामनाएं देता हूं, जो सदियों से कश्मीरियों के दिलों में बसे हुए हैं।

# त्रिपुरा में नवनिर्वाचित भाजपा विधायक आज लेंगे शपथ

अगरतला। त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों तोफजल हुसैन तथा बिंदु देवनाथ को विधानसभा में आयोजित समारोह में मंगलवार को शपथ दिलायी जाएगी। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि इन दोनों विधायकों को विस अध्यक्ष विश्वबंधु सेन सदन की लॉबी आयोजित विशेष समारोह में विस की सदस्यता की शपथ दिलाएंगे। इस मौके पर विस अध्यक्ष राम प्रसाद पाल, मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा, कैबिनेट के सहयोगी, भाजपा विधायक एवं पार्टी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

विपक्षी दल कांग्रेस तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने हालांकि विस के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित होने वाले शपथग्रह समारोह का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। ये दोनों पार्टियां सेपाहिजला जिले कै बॉक्सानगर तथा धनपुर विस क्षेत्र में हुए उपचुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली होने के आरोप लगाकर विरोध कर रही हैं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आशीष कुमार साहा ने कहा, हमने भाजपा उम्मीदवारों के जीत को स्वीकार नहीं किया है क्योंकि उपचुनाव में वोट डाला ही नहीं गया है। पूरा प्रशासन तथा पुलिस बल निर्वाचन प्रक्रिया को बाधित करने में जुटा हुआ था।

# आज से शुरू होंगे भाजपा के लोस क्षेत्र स्तर पर सम्मेलन

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव में एक बार फिर बहुमत हासिल करने के लिए उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। इस क्रम में उसके लोकसभा स्तर पर होने वाले सम्मेलनों का शुरुआत मंगलवार (कल) टिहरी लोकसभा क्षेत्र से हो रही है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में सांसद, विधायकों की मंडल पदाधिकारियों के साथ होने वाले इस सम्मेलन के अतिरिक्त, पार्टी ने अन्य सम्मेलनों की रूपरेखा भी जारी की है। देहरादून स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सोमवार को बताया कि देहरादून से शुरू होने वाली बैठक का हमारा उद्देश्य, लोकसभा समेत अन्य चुनावों को लेकर



संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा एवम आगामी योजनाओं को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बैठक की शुरुआत में स्थानीय सांसद एवं विधायक साथ बैठेंगे। उसके उपरांत प्रात: 10.30 से अपराह्न 4.00 बजे तक संबंधित लोकसभा से जुड़े प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री के साथ विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य स्पष्ट मंडल स्तर के पदाधिकारियों से जमीनी फीड बैक लेकर उनकी और जनता की समस्याओं को सुनकर, उसके निस्तारण पर विचार करना है।

भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़ा एवम अन्य कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की योजना को अंतिम रूप देना है। इसके अतिरिक्त, लोकसभा एवम स्थानीय निकाय के चुनाव में 51 फीसदी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी संभावित कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का सम्मेलन में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

इस दौरान, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि इन सम्मेलनों के प्रथम चरण में 12 सितंबर को देहरादून में होने वाला कार्यक्रम प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संयोजन में, 13 सितंबर को नैनीताल लोकसभा का सम्मेलन हल्द्वानी में प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, 14 सितंबर को अल्मोड़ा लोकसभा का अल्मोड़ा में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट के संयोजन में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलनों के दूसरे चरण में 26 सितंबर को हरिद्वार लोकसभा का हरिद्वार में प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार एवं 28 सितंबर को पौड़ी लोकसभा का श्रीनगर में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय कपरवाण के संयोजन में आयोजित किया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार पर लगाया दस हजार का जुर्माना

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने श्रीनगर गढ़वाल के कांडा रामपुर में लगाये जा रहे अलकनंदा स्टोन क्रेशर के परिपेक्ष्य में स्टोन क्रेशर नीति को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब का अंतिम अवसर खत्म होने के बाद भी नहीं मिलने पर प्रदेश सरकार पर 10000 रुपये का जुर्माना लगाया है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने श्रीनगर फरासू निवासी नरेन्द्र सिंह सेंधवाल की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए यह कदम उठाया है।



दरअसल याचिकाकर्ता की ओर से ग्रामीणों के विरोध के बावजूद गांव में लगाये जा रहे अलकनंदा स्टोन क्रेशर के मामले को जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया है कि मानकों के विपरीत लगाये जा रहे स्टोन क्रेशर से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। परंपरागत पेयजल स्रोत नष्ट हो रहे हैं और प्रसिद्ध गौरा देवी एवं राज राजेश्वरी मंदिरों के अस्तित्व को खतरा हो गया है।

इसी बीच सुनवाई के दौरान पीसीबी की ओर से अदालत को बताया गया कि स्टोन क्रेशर की स्थापना को लेकर बनायी गयी नीति में संयुक्त सर्वेक्षण टीम में पीसीबी को शामिल नहीं किया गया है। इसके बाद अदालत ने इस मामले में सरकार से जवाब मांगा। अदालत की ओर से सरकार को जवाब पेश करने के लिये तीन-तीन अवसर प्रदान किये गये। इसी साल जुलाई में अंतिम अवसर प्रदान किया गया लेकिन सरकार की ओर से जवाब पेश नहीं किया गया।

आज भी याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार की ओर से जवाब पेश नहीं किया गया है। इसके बाद अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार पर 10000 रुपये का जुर्माना लगा दिया और जवाब पेश करने के लिये एक और अवसर प्रदान किया है। अदालत ने हालांकि, अलकनंदा स्टोन क्रेशर के संचालन पर रोक लगा रखी है।

# हैदराबाद में नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में तीन गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद शहर पुलिस ने दो नशीले पदार्थ तस्करों और एक उपभोक्ता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने रविवार को इंदिरा रेड्डी नगर में आउटर रिंग रोड (ओआरआर) सर्विस रोड पर अभियान छेड़ा था। इसी दौरान हैदराबाद से नशीला पदार्थ ले जा रहे लोगों को रोका गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। उनके वाहनों की तलाशी में करीब 51.45 ग्राम कोकीन क्यूब्स, 44 एमडीएमए एक्स्टसी गोलियां, आठ ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 97,500 रुपये की नकदी, पांच मोबाइल फोन और कई अन्य सामान जब्त किए। इन नशीले पदार्थों को गोवा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लिंगमपल्ली अनुराधा, सानिकोमु प्रभाकर रेड्डी और वेंकट शिव साई कुमार के रूप में की गयी है।

# आपदा प्रभावितों को किराए पर आवासीय सुविधा उपलब्ध करायेंगे

एजेंसी

शिमला। हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश के कारण घर क्षतिग्रस्त होने से जो लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, उन्हें प्रदेश सरकार किराए पर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाएगी। मकान का किराया प्रदेश सरकार अदा करेगी। इसके दृष्टिगत दो व तीन कमरों के सेट किराए पर लेने का प्रावधान किया जाएगा। इस संबंध में सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

सुक्खू विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए सोमवार को यहां मंडे मीटिंग की अध्यक्षता की। उन्होंने योजनाओं व विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला नगर निगम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के लिए 10 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। उन्होंने शिमलां में विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों व गिरे हुए डंगों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में आंध्र में बंद का आंशिक असर

विजयवाड़ा । तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी की ओर से सोमवार को आहूत प्रदेश बंद आंशिक एवं शांतिपूर्ण रहा।

गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत ने रविवार को कौशल विकास घोटाला मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसी के विरोध में पार्टी ने बंद का आह्वान किया।

फिल्म स्टार से राजनेता बने पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जन सेना पार्टी और सभी वामपंथी दलों ने बंद को समर्थन दिया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने बंद के आह्वान के समर्थन की घोषणा नहीं की।

बंद के दौरान सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे जबकि कुछ शैक्षणिक संस्थानों ने सोमवार को छुट्टी की घोषणा कर दी थी। एपीएसआरटीसी की बसें शुरुआत में कई स्थानों पर सड़कों से नदारद रहीं, लेकिन बाद में उनका परिचालन शुरू हो गया। बंद आंशिक और शांतिपूर्ण रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

इस बीच, पुलिस ने राज्य भर के लगभग सभी तेदेपा नेताओं को या तो घर से गिरफ्तार कर लिया या हिरासत में ले लिया। तेदेपा कार्यकर्ताओं को पार्टी के झंडे लेकर सड़कों पर घूमते और बंद को लागू करने के लिए नारे लगाते देखा गया।

गौरतलब है कि यह पहली बार है जब श्री नायडू अपने 45 साल के राजनीतिक करियर में भ्रष्टाचार के मामले का सामना कर रहे हैं।

इससे पूर्व आंध्र प्रदेश सीआईडी के अतिरिक्त महानिदेशक एन संजय ने कहा है कि श्री नायडू करोड़ों रुपये के कौशल विकास घोटाले में आरोपी नंबर एक हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर में 3000 करोड़ रुपये की लागत से छह उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए सीमेंस कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये थे। उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 58 करोड़ रुपये की लागत से सॉफ्टवेयर खरीदा गया। उन्होंने कहा, हालांकि आवश्यक सॉफ्टवेयर 58 करोड़ रुपये की लागत से खरीदा गया था, बाद में इसमें कई गुना बढ़ोतरी की गई जिसमें भारी धनराशि की हेराफेरी की गई।

सीआईडी प्रमुख ने कहा कि नायडू के नेतृत्व वाली तेदेपा सरकार ने वित्त विभाग की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए डिजाइनटेक कंपनी को उसके हिस्से के रूप में 371 करोड़ रुपये जारी किए थे।

# तेलंगाना 33 प्रतिशत भूभाग में हरियाली का लक्ष्य हासिल करेगा : केसीआर

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने वन शहीद दिवस पर वनों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है हरित तेलंगाना के लिए 33 प्रतिशत भूभाग को वन और हरित क्षेत्र बाने के लक्ष्य को हासिल करने के अपनी सरकार के संकल्प को दोहराया।

राज्य सरकार की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने वन शहीद दिवस पर प्रदेश के वन विभाग के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा, आइए तब तक मिलकर काम करें जब तक हम हरित तेलंगाना के लिए अपने लक्ष्य 33 प्रतिशत हरितता को हासिल नहीं कर लेते। वन, पर्यावरण और हरियाली के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा



सकती। इसीलिए हमने तेलंगाना के शुरुआती दिनों में संतुलित पर्यावरण के लिए योजनाएं तैयार की हैं।

केसीआर ने कहा कि अब एक दशक के उस संकल्प का परिणाम हम तेलंगाना में देख रहे हैं। सरकार ने वनों को बहाल कर हरियाली बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि आज हम तेलंगानाकु हरितहरम कार्यक्रम के सभी वर्गों के समर्थन से आश्चर्यजनक परिणाम देख रहे हैं। हैदराबाद जैसे कंक्रीट शहर में भी हरियाली में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण हैदराबाद को इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चरल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित वर्ल्ड ग्रीन सिटी अवार्ड - 2022 प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कितना भी विकास हो जाए, कितनी भी टेक्नोलॉजी बढ़ जाए, प्रकृति संरक्षण हमारा प्राथमिक मिशन है। हम ग्लोबल वार्मिंग को पर्यावरण की दृष्टि से पर्याप्त सुरक्षा उपाय न करने के परिणाम के रूप में देख रहे हैं।


प्रदेश में वन संरक्षण मिशन के साथ काम करने वाले 22 अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवानी पड़ी है।

उन्होंने कहा, उनका समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है, वनों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि।

## पुलिस भर्ती में सिखों की दाढ़ी के फैसले पर पुनर्विचार करेगी न्यूयॉर्क पुलिस : धालीवाल

**अमृतसर।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क में पिछले दिनों भर्ती हुए एक सिख युवक को दाढ़ी काटने के दिए गए निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने पुनर्विचार करने पर सहमति जताई है और इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। इस मुद्दे को भारतीय विदेश मंत्रालय और न्यूयॉर्क के मेयर के समक्ष गंभीरता से उठाने वाले प्रवासी मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्री एस जय शंकर ने उन्हें लिखा था कि आपके द्वारा उठाई गई आपत्ति को भारत सरकार द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय दूतावास से लेकर न्यूयॉर्क राज्य तक उठाया गया है और उन्होंने इस संबंध में आश्वासन दिया है कि वे न्यूयॉर्क पुलिस में भर्ती के लिए दाढ़ी संबंधी निर्देशों पर पुनर्विचार करेंगे ताकि किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों।

## मान ने पंजाब को वैश्विक पर्यटन के स्थान के तौर पर विकसित करने की शुरुआत



एस. ए. एस. नगर (मोहाली)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को एमिटी यूनिवर्सिटी में पंजाब के पहले टूरिज्म सम्मेलन और ट्रैवल मार्ट का उद्घाटन करते हुए राज्य को वैश्विक पर्यटन स्थान के तौर पर विकसित करने का एलान किया । मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका मानना है कि सरकारें आती-जाती रहती हैं लेकिन लोगों की भलाई के लिए शुरू किये कामों को सबसे अधिक प्राथमिकता ज़रूर मिले। उन्होंने कहा कि वह नौजवानों को रोज़गार मुहैया करवा के उनके हाथों में टिफ़िन ( रोटी वाले डिब्बे) देखना चाहते हैं , जिससे वह नशों के टीकों से दूर हों। उन्होंने उम्मीद जताई कि पर्यटन को उत्साहित करने से राज्य के नौजवानों के लिए रोज़गार के नये मौके खुलेंगे। मुख्यमंत्री ने देश और विश्व भर से आईं प्रसिद्ध हस्तियों का स्वागत करते हुये कहा कि यह कोई राजनैतिक समारोह नहीं है, बल्कि यह ऐसा समागम है, जो राज्य की रूह, मिट्टी और दिल से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि अपना कार्यकाल संभालने के पहले दिन से ही उनका स्वप्न गतिशील और गुरूओं के बसाये पंजाब के छिपे हुए पहलूओं से लोगों को अवगत करवाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे बड़ी संख्या में सैलानी राज्य की तरफ खिंचे आऐंगे।

# शार्ट न्यूज

## डा. महेश शर्मा ने किया बालाजी लाईफलाईन अस्पताल का उद्घाटन



**नोएडा।** सोमवार को उन्नति विहार के बालाजी एन्क्लेव सोसाइटी में बालाजी लाईफलाईन अस्पताल का उद्घाटन डा. महेश शर्मा, लोकप्रिय सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा किया गया। उन्होने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के लिए अस्पताल की आवश्यकता भी थी जो आज अस्पताल के निदेशक श्री विनय पांडेय जी द्वारा पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि इन कालोनियों में बिजली की समस्या माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में है और जल्द ही समाधान होगा। मन्दिर और स्कूलों में सोलर लाईट देने का भी वादा किया है। एक विशाल जन सैलाब की उपस्थिति को उन्होंने बिजली और सड़क की समस्या से मुक्ति दिलाने का आष्वासन दिया। इस कार्यक्रम में मन्च का संचालन श्री घनश्याम जी ने किया व आवासीय समिति के पदाधिकारी श्री राजेश राय, श्री आकाश मिश्रा, रविंद्र कुमार, आनंद उपाध्याय, डाक्टर फरहान अली, दीपक चौधरी और भाजपा के श्री चंदगी राम यादव जी, व मंडल माहामंत्री श्री निर्मल सिंह, भूतनाथ सिंह, मृत्युंजय सिंह, श्री रमेश रावत, कपिल तिवारी, अनिल झा, माणिशंकर तिवारी, मनोज उपाध्याय, रविंद्र यादव, रोहित ठाकुर, सोमेश्वर सिंह, दुर्गेश जी, दीपक सेंगर, विष्णु तिवारी और रामजी यादव आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## शरजील की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**दिल्ली।** दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने सोमवार को शरजील इमाम की वैधानिक जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। शरजील इमाम के ऊपर देशद्रोह का मामला चल रहा है। उन्हें 28 जनवरी 2020 को पुलिस ने हिरासत में लिया था। साढ़े तीन साल से इमाम जेल में है। जबकि इस मामले में किसी भी आरोपी को ज्यादा से ज्यादा डेढ़ साल की सजा होती है। एडिशनल सेशंस जज अमिताभ रावत ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। शरजील इमाम के वकील और दिल्ली पुलिस की ओर से बहस पूरी होने के बाद फैसला लिया गया। कोर्ट ने 25 सितंबर तक के लिए आदेश को सुरक्षित रख लिया है। शरजील इमाम के वकील तालिब मुस्तफा बहस के दौरान कहा कि इस मामले में किसी भी आरोपी को ज्यादा से ज्यादा डेढ़ साल की सजा होती है। हालांकि, वह अब आईपीसी की धारा 436 ए सीआरपीसी के तहत वैधानिक जमानत के हकदार हैं। वकील ने आगे कहा कि उन्होंने बिना किसी ट्रायल के ज्यादा समय तक जेल में रहे। यूएपीए एक्ट के तहत किसी भी आरोपी को सात साल की सजा हो सकती है, जबकि उन्होंने साढ़े तीन साल जेल में बिता दिए हैं।

## अवैध मांस तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

मोदीनगर। मोदीनगर में बेसहारा पशुओं को मारकर उनके मीट को दिल्ली बेचने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो पशु के अलावा हथियार व मिनी ट्रक भी बरामद किया है। बदमाश होटलों पर काफी सस्ते दाम पर मीट सप्लाई करते थे। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि सूचना मिली कि गांव दतैड़ी में हुई गोकशी करने वाले बदमाश क्षेत्र में घूम रहे हैं और वारदात करने वाले हैं। सूचना मिलते ही भोजपुर थानाप्रभारी के साथ पुलिस की कई टीमों को अलर्ट कर चैकिंग अभियान चलाने को कहा गया। पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाकर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम सलमान निवासी गांव नाहली थाना भोजपुर व सुभाष गौतम निवासी लाल क्वाटर थाना दादरी जिला गौतमबुद्धनगर बताया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो पशु व गोकशी करने के औजार के साथ साथ मिनी ट्रक बरामद किया है। पुलिस ने पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि जंगल में घूमने वाले बेसहारा पशुओं को पकड़कर उनकी हत्या कर देते हैं। इसके बाद मीट को दिल्ली के होटल पर काफी सस्ते दाम पर बेच देते हैं। इसके अलावा पशुओं के अवशेषों को रास्ते में फेंक देते है।

## गाजियाबाद में किसान पर तेंदुए ने किया हमला

मोदीनगर। मोदीनगर के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में खेत में चारा लेने गए किसान पर तेंदुए में हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से किसान घायल हो गए। अन्य किसानों द्वारा शोर मचाने पर तेंदुआ भाग गया। किसको मोदीनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव सैदपुर निवासी सेंसरपाल परिवार सहित रहते हैं। वह खेती करके परिवार का लालन-पालन करते हैं। किसान सेंसरपाल सोमवार सुबह 8: 00 बजे के आसपास खेत में पशु के लिए चारा लेने गए थे। जब वह एक खेत के पास पहुंचे तो अचानक उन पर तेंदुए ने हमला कर झपटा मार दिया। झपट्टा मारते ही किसान चिल्लाने लगा। चीख पुकार की आवाज सुन खेतों में कम कर रहे किसान लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंचे और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। भीड़ आती देख तेंदुए मौके से फरार हो गया। किसान सेंसर पाल सिंह के हाथ जख्मी हो गया हैं। परिजनों ने किसान को मोदीनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। तेंदुआ होने की सूचना मिलती है। वन विभाग की टीम गांव सैदपुर पहुंच गई है। सर्च अभियान शुरू कर दिया है। वन विभाग की पांच टीम तेंदुए को पकड़ने में लगी हुई है।

## दिव्यांग से लिए उत्पाद शुल्क और रोड टैक्स राशि लौटाएगी मारूति सुजुकी कंपनी

ग्रेटर नोएडा। दिव्यांग के कार खरीदने से पहले मैन्युफैक्चरिंग सर्टिफिकेट नहीं देने से उत्पाद और रोड शुल्क में छूट नहीं मिलने पर कंपनी जिम्मेदार है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने मारुति सुजुकी कंपनी को दिव्यांग से लिए गए उत्पाद शुल्क, रोड टैक्स में छूट राशि को 30 दिन में लौटाने का आदेश दिया है। कंपनी पर 50 हजार रुपये का हर्जाना भी लगाया है। नोएडा के सेक्टर-82 निवासी अमित कुमार गुप्ता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की कार खरीदना चाहते थे। कंपनी अधिकारियों (सीआरएम) से कई बार मैन्युफैक्चरिंग सर्टिफिकेट जारी करने का अनुरोध किया। मगर सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया। विवश होकर उन्हें बिना सर्टिफिकेट के ही कार खरीदनी पड़ी। इसके चलते उनको उत्पाद शुल्क और रोड शुल्क में छूट नहीं मिली। अतिरिक्त खर्च हुए शुल्क को वापस दिलाने के लिए उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में वाद दायर किया। सुनवाई के दौरान कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उनके द्वारा ऐसे वाहनों का का निर्माण किया जाता है। जिसको केवल बायें पैर से दिव्यांग व्यक्ति ही चला सकता है। जबकि अमित कुमार गुप्ता दोनों पैर से दिव्यांग है और इसके लिए वाहन उपयुक्त नहीं है।

## यमुना प्राधिकरण कस्बों को भी करेगा विकसित

ग्रेटर नोएडा। जेवर एयरपोर्ट के आसपास के गांव ही नहीं बल्कि अब नगर पंचायत और कस्बों की भी सूरत बदलने वाली है। प्राधिकरण क्षेत्र के 96 गांवों के साथ-साथ पांच कस्बों को भी विकसित किया जाएगा। विशेष तौर पर जिन स्थानों पर कोई पुरानी विरासत है, उनको पर्यटन के रूप में बदलने की योजना है। इस प्रस्ताव को यमुना प्राधिकरण अपने बोर्ड में रखेगा। यदि मंजूर हुआ तो यीडा क्षेत्र के दनकौर, बिलासपुर, रबूपुरा, जेवर और जहांगीरपुर नगर पंचायत क्षेत्र का भी विकास होगा। दरअसल, जेवर में निर्माणाधीन एयरपोर्ट में 96 गांवों को अधिसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है और इन सभी का विकास किया जा रहा है। प्राधिकरण की मंशा है कि जब यहां एयरपोर्ट, फिल्म सिटी और मेडिकल डिवाइस पार्क समेत बड़ी परियोजनाएं लाई जा रही हैं तो इस क्षेत्र को भी विकसित किया जाए। यहां के गांवों का यीडा विकास कर रहा है। ऐसे में प्राधिकरण अधिकारी चाहते हैं कि यहां के कस्बों को भी विकसित किए जाए।

### मंत्री आतिशी ने दी दो करोड़ लोगों को बधाई

# जारी रहेगा साफ-सफाई का काम, चमकी रहेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को जी 20 सम्मेलन कार्यक्रम के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जी20 के सफल होने पर दिल्ली वालों का धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि दिल्ली की खुबसूरती ऐसी ही बनी रहेगी। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पीडब्लूडी, शहरी विकास और दिल्ली नगर निगम तीनों मिलकर काम करेंगे और दिल्ली को भविष्य में भी साफ रखा जाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि हम जी20 समिट के सफल होने पर दिल्ली की दो करोड़ जनता का धन्यवाद करते हैं। यह पैसा लोगों के टैक्स से आया। इसी टैक्स के जरिए दिल्ली को साफ रखने का काम जारी रहेगा।

दिल्ली मंत्री आतिशी ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों और विभागों का धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने मिलकर दिल्ली में जी20 समिट को सफल बनाया है। हम दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से जनता से वादा करते है कि शहर की सड़कों को इसी तरह से साफ रखा जाएगा।

इसी तरह से सौंदर्यीकरण का काम जारी रहेगा। जिन इलाकों में अभी गुंजाइश है, वहां पर भी काम को पूरा किया जाएगा।

## फोन छीनने वाले दो दोषियों को पांच साल की सजा

**गुरुग्राम।** दस महीने पहले मियां वाली कॉलोनी जा रहे युवक से फोन छीनने के मामले में जिला अदालत ने मोहित और करण को दोषी ठहराते हुए पांच साल की सजा दी है। नायब कोर्ट सुरेश कुमार ने बताया कि अदालत ने दोषियों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान ने दिया है। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-14 थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया था। सहायक जिला न्यायवादी ने बताया कि मूल रूप से पश्चिम बंगाल निवासी शापीकुल अपने काम से मियांवाली कॉलोनी की तरफ फोन पर बात करते हुए जा रहा था। इसी दौरान स्कूटी पर सवार दो युवक उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उसने स्कूटी का नंबर देख लिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

# दिल्ली सरकार ने लगाया पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राजधानी में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

राय ने सोमवार को कहा कि इस सम्बन्ध में डीपीसीसी को सभी सम्बन्धित विभागों को जरूरी निर्देश जारी करने का निर्देश दिया गया है। जिस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंद्ध लगाने का निर्देश दिया गया है, उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंद्ध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है।

जनवरी से लेकर अगस्त के महीने तक दिल्ली का औसत एक्यूआई काफी कम रहा है। दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 45 रिकॉर्ड किया गया। वर्ष 2022 में भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया और इस साल भी सभी तरह के पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदम से पिछले नौ सालों में पीएम 10 में 42 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 46 प्रतिशत की कमी आई है। सर्दी के मौसम में दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार सभी सम्बंधित विभागों के साथ मिलकर विंटर एक्शन प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर विंटर एक्शन प्लान के लिए तय फोकस बिंदुओं पर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## 10 लाख रुपए चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-93 स्थित सिल्वर सिटी सोसाइटी में स्पीच ट्रांसलेटर के फ्लैट से दस लाख कैश चुराने के मामले में महिला समेत दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खाने में नशीला पदार्थ पिला कर ट्रांसलेटर और उसकी पत्नी को बेहोश कर दिया गया था। इसके बाद चोरी की वारदात की गई थी। इस घटना में शामिल तीन आरोपी अभी भी फरार हैं। सेक्टर-93 स्थित सिल्वर सिटी सोसाइटी निवासी स्पीच ट्रांसलेटर रामकुमार के घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका सोनिया खान और उसके पति हाफ़िज ने 13 अगस्त को खाने में नशीला पदार्थ पिला कर बेहोश कर दिया था। इसके बाद दोनों उनके कमरे की अलमारी में रखे दस लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने जांच करते हुए वारदात में शामिल दोनों आरोपियों राजू और गौरी मंडल को गिरफ्तार किया है। दोनों मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपी मुख्य आरोपी हाफ़िज खान के बड़े भाई और भाभी हैं। दोनों ने ही चोरी की की साजिश रची थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार राजू अपने छोटे भाई हाफ़िज उसकी पत्नी सोनिया और अपने बंगलौर में रहने वाले मामा मोहिदुल के साथ मिलकर साजिश रची थी। सोनिया सेक्टर-93 सिल्वर सोसाइटी में जहां नौकरी करती है। उसका मालिक अपने पास काफी मात्रा में कैश (नगदी) रखता है। हमारी योजना कामयाब हो गई। उसके बाद हम सब लोग इकट्ठा होकर दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। वहां से योजना के अनुसार अपने मामा मोहिदुल के यहां बंगलौर आए।

## खनन माफिया से दस हजार मांगने का ऑडियो वायरल

रबूपुरा। कबाड़ी से रिश्वत मांगने के मामले में जांच अधिकारी के निलंबन और सिपाही की बर्खास्तगी के बाद अभी जांच चल ही रही है। इसी बीच एक ऑडियो और सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस ऑडियो में खनन माफिया को धमकी देकर दस हजार रुपये की मांग की जा रही है। दावा किया जा रहा है कि यह रुपये कोई सिपाही मांग रहा है। हालांकि अभी अधिकारिक रूप से इस ऑडियो की कोई पुष्टि नहीं की गई है। वायरल ऑडियो में की जा रही बातचीत में एक व्यक्ति दस हजार रुपये की मांग कर रहा है।

# 11 साल की मासूम के साथ पार्क में दुष्कर्म

नई दिल्ली। द्वारका जिला के बाबा हरिदास नगर इलाके में मंदिर में दर्शन कराने के बहाने एक युवक ने 11 साल की मासूम को पार्क में ले जाकर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद किसी को कुछ भी बताने पर मासूम को जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता घर पहुंची तो उसके कपड़ों पर लगा खून देखकर मां से पूछताछ की। मासूम रोने लगी और उसने सारी बात अपनी मां को बता दी। फौरन मासूम से पूछताछ के बाद आरोपी युवक रवि को एरिया में से दबोच लिया गया। वह बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला है। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पॉक्सो ओर दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।



छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी ने तीन और चार सितंबर को मासूम के साथ गंदी हरकत की थी। उस समय भी उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने मासूम की काउंसलिंग करा दी है। आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मासूम परिवर के साथ नजफगढ़ इलाके में वह रहती है। वह पास के सरकारी स्कूल में पांचवीं कक्षा की छात्रा है। आठ सितंबर को वह पास के साईं मंदिर जाने की बात कर घर से निकली थी। रात करीब आठ बजे वह घर पहुंची तो वह काफी घबराई हुई थी। उसके कपड़ों पर खून भी लगा था। मां ने पूछताछ की तो उसने रोते हुए हकीकत बता दी। इसके बाद परिजनों ने बेटी के बताए हूलिये के आधार पर आरोपी को कुछ ही देर में ढूंढ लिया।

बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी ने बताया कि उसने पास के अर्जुन पार्क ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

# जगदीश टायटलर के खिलाफ जिला जज करेंगे आगे की सुनवाई

नई दिल्ली। अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पुल बंगश हत्याकांड से संबंधित एक मामला सोमवार को आगे की कार्यवाही के लिए जिला न्यायाधीश के पास भेज दिया। ममाले में कांग्रेस नेता जगदीश टायटलर आरोपी हैं।



अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विधी गुप्ता आनंद ने मामले को जिला न्यायाधीश के पास भेज दिया ताकि मामला सत्र न्यायाधीश को सौंपा जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री टायटलर पर हत्या का आरोप लगाया गया है और ऐस में मामले की सुनवाई सत्र न्यायालय में ही हो सकती है।

मजिस्ट्रेट ने कहा कि मामले में जिन दस्तावेजों पर भरोसा किया गया है उनकी प्रतियां पहले ही टायटलर को अविश्वसनीय दस्तावेजों की एक सूची के अलावा प्रदान की जा चुकी हैं। अदालत ने कहा कि आरोपी आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अन्य दस्तावेज की मांग के लिए सत्र अदालत के समक्ष आवश्यक आवेदन दायर करने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि 26 जुलाई को पारित एक आदेश द्वारा कथित अपराधों का संज्ञान लिया गया और आरोपी को तलब किया था।

उन्होंने कहा रिकॉर्ड के अवलोकन से पता चलता है कि आरोप पत्र अन्य बातों के अलावा आईपीसी की धारा 302 और 436 के तहत दायर किया गया है। एक सत्र अदालत ने पहले टाइटलर को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की जमानत पर अग्रिम जमानत दे दी थी। इसने उन पर कुछ शर्तें भी लगाई थीं, जिनमें यह भी शामिल था कि वह मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे या बिना अनुमति के देश नहीं छोड़ेंगे।

तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के एक दिन बाद 1 नवंबर, 1984 को यहां पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे में आग लगा दी गई थी।

# आठ माह बाद भी प्राधिकरण लागू नहीं कर पाया डॉग पॉलिसी

ग्रेटर नोएडा। पिछले साल दिसंबर में ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूर हुई डॉग पालिसी (सभी तरह के पैट) आठ माह बाद भी लागू नहीं हो पाई। विगत जनवरी माह से डॉग पॉलिसी लागू करनी थी और इसका एप रजिस्ट्रेशन शुरू कराया जाना था। यह हाल तब है जब आए दिन कुत्तों को लेकर विवाद हो रहे हैं।

कुत्तों के काटने की घटनाओं से ग्रेनो वासी परेशान हैं। हालांकि प्राधिकरण के अधिकारी जल्द ही डॉग पालिसी लागू करने का दावा कर रहे हैं। दरअसल, नोएडा में डॉग पॉलिसी लागू होने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी इसी तरह की नीति लागू करने की योजना बनाई थी। दिसंबर-2022 के अंतिम सप्ताह में नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हुई थी।

उसी में एक जनवरी से डॉग पॉलिसी लागू करने पर मुहर लगी थी। साथ ही रजिस्ट्रेशन कराने के लिए एप बनाने की भी योजना बनाई थी।

### रेस्टोरेंट में अवैध रूप से पिलाई जा रही थी शराब

## आबकारी विभाग ने की ग्रांड वेनिस मॉल के रेस्टोरेंट में छापेमारी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी विभाग ने ग्रांड वेनिस मॉल के अंदर चल रहे एक रेस्टोरेंट पर छापेमारी करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया। रेस्टोरेंट में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के हरियाणा मार्का शराब पिलाई जा रही थी। मौके से हरियाणा मार्का शराब व बियर की 233 बोतल बरामद की गई है।

दरअसल आबकारी निरीक्षण सुबोध कुमार के निर्देश पर आबकारी निरीक्षण चन्द्रशेखर सिंह ने गोपनीय सूचना के आधार पर बीटा 2 थाना क्षेत्र के ग्रांड वेनिस मॉल के अंदर चल रहे है। फाइव आयरन गोल्फ रेस्टोरेंट में छापेमारी की। आबकारी विभाग को सूचना मिली थी, कि इस रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। इसी सूचना पर आबकारी विभाग ने छापेमारी के दौरान पाया कि रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही थी। इस दौरान हरियाणा मार्का शराब लोगों को परोसी जा रही थी।

### रेस्टोरेंट के डायरेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

इस दौरान अवैध रूप से बिना लाइसेंस के शराब पिलाते 4 लोगों को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान भारी मात्रा में हरियाणा राज्य की शराब बरामद की गई। इस दौरान आबकारी विभाग ने रेस्टोरेंट के डायरेक्टर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि पश्चिम बंगाल निवासी सुमन, बन्नी व तीर्थकर व असम निवासी राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस दौरान शराब और बियर की कुल 233 बोतल बरामद की गई है। अलग-अलग ब्रांड की हरियाणा मार्का शराब अवैध रूप से रेस्टोरेंट में रखी हुई थी।

# एडवोकेट महिला मर्डर : पति गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में सुप्रीम कोर्ट की महिला वकील रेनू सिन्हा के हत्या के आरोपी पति नितिन सिन्हा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नितिन अपने ही घर (डी-40) के स्टोर रूम में छिपा हुआ था। ये स्टोर रूप घर के ही फर्स्ट फ्लोर पर बना हुआ है। ये वहीं घर है, जिसमें एडवोकेट महिला का शव बाथरूम में मिला था।

शुरुआती जांच में नितिन ने ही पत्नी रेनू की हत्या की है। पति-पत्नी के बीच विवाद की जड़ कोठी डी-40 रही है। पति इसे बेचना चाहता था, जबकि पत्नी नहीं बेचना चाहती थी। आरोपी पति (इंडियन इन्फॉर्मेशन सर्विसेज) में काम करता था। अनुमान है कि करीब 14 घंटे तक आरोपी पति ने खुद को स्टोर रूम में बंद रखा।



नितिन सिन्हा (आरोपी)

### बाथरूम में मिला था महिला वकील का शव

रेनू सिन्हा अपने पति नितिन के साथ सेक्टर-30 की डी-40 कोठी में रहती थी। दो दिनों से रेनू का भाई लगातार उनको फोन कर रहा था। जवाब नहीं मिलने पर उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस रविवार दोपहर डी-40 पहुंची। काफी देर नॉक किया। लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। इसके बाद पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई। कोठी के बाथरूम में महिला एडवोकेट का शव पड़ा था।

मृतका रेनू सिन्हा के भाई ने जीजा नितिन पर हत्या का शक जाहिर करते हुए थाने में रविवार को शिकायत की थी। जब पुलिस दरवाजा तोड़कर पहुंची तो नितिन वहां नहीं था। पुलिस ने घर की तलाशी ली थी। लेकिन पति का उस वक्त कुछ पता नहीं चला था।

### 4.5 करोड़ की प्रॉपर्टी के लिए मार डाला

### मोबाइल सर्विलांस के बाद मिली लोकेशन

महिला वकील रेनू की हत्या का प्राइम सस्पेक्ट पति नितिन ही था। पुलिस ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह रिस्पांस नहीं कर रहा था। लेकिन, मोबाइल ऑन था। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन ट्रैक की तो वो डी-40 के आसपास की दिखा रहा था।

पुलिस को शक हुआ कि नितिन यही कही छिपा है। इसके बाद रात 3 बजे पुलिस फर्स्ट फ्लोर पर बने स्टोर रूम तक पहुंची। उसके दोनों तरफ गेट थे। एक गेट पर बाहर से ताला लगाया और दूसरे गेट अंदर जाकर उसे अंदर से बंद कर लिया था।

पुलिस ने पहले ताला तोड़ा तो वो भी अंदर से बंद था। शक होने पर उसने स्टोर रूम का दरवाजा तोड़ा तो अंदर नितिन बैठा मिला।

### पहले तकिया से मुंह दबाया फिर सिर दीवार से टकराया

पुलिस ने आरोपी पति नितिन से शुरुआती पूछताछ के आधार पर बताया कि दो दिन पहले रेनू और नितिन के बीच प्रॉपर्टी को लेकर विवाद हुआ था। बहस इतनी बढ़ गई उसने रेनू के साथ हाथापाई की। इसके बाद तकिया से रेनू का मुंह दबा दिया। उसका सिर दीवार पर दे मारा। इससे उसके सिर में चोटे लग गई। इसके बाद घसीटते हुआ बाथरुम में ले गया। उसके बाद वहीं बैठा रहा। जब रेनू की मौत हो गई तो नितिन डर के मारे स्टोर रूम में आकर छिप गया। वह 14 घंटे से अंदर बैठा हुआ था। हालांकि, मौत की सही वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आने की बाद ही पता चल सकेगी।

# आईपीयू के 29 प्रोग्राम में सीयूईटी से दाखिले की आवेदन की तिथि बढ़ी

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) में 29 प्रोग्राम में सीयूईटी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट) से दाखिले के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब इन प्रोग्राम में 18 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इससे पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 सितंबर थी। मालूम हो कि आईपीयू इन प्रोग्राम में सीईटी (कॉमन एंट्रेस टेस्ट) की मेरिट से दाखिले समाप्त होने के बाद सीयूईटी स्कोर से भी दाखिला दे रही है।

इन 29 प्रोग्राम में बीसीए, बीएससी योग, मास्टर ऑफ साइंस बॉयोडायवर्सिटी एंड कंसर्वेसन, मास्टर ऑफ साइंस(एनआरएम), बीबीए, बीए जेएमसी, बीएचएमसीटी, बीफॉर्मा, एमएससी योग, बीकॉम ऑनर्स, एमटेक(सीएससी) रेगुलर, एमटेक आईटी रेगुलर, बीए इंग्लिश ऑनर्स, एमटेक ईसीई रेगुलर, बीए इकोनॉमिक्स ऑनर्स, बीटेक बॉयोटेक, एमए मास कम्यूनिकेशन, बीए अंग्रेजी चार वर्षीय प्रोग्राम, एमसीए, एमएससी एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, एमएड, एमपीटी, एमए अंग्रेजी, बीएड, पैरा मेडिकल प्रोग्राम, बीएससी एमआईटी, बीएससी एमटीआर, एमए अर्थशास्त्र, एमटेक वीएलएसआई डिजाइन रेगुलर शामिल है।

## आग लगने से 25 झुग्गियां खाक

गुरुग्राम। सेक्टर 57 में खाली प्लॉट पर बसी झुग्गियों में सोमवार की दोपहर को आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला। आस-पास के भवन में रहने वालों ने इसकी जानकारी फायर विभाग को दी। विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान 25 झुग्गियां जलकर खाक हो गई जबकि दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद 50 झुग्गियों को जलने से बचाया जा सका।

# अज्ञात-वाहन की टक्कर से बाइक-सवार युवक की मौत

मोदीनगर। मोदीनगर के मुरादनगर की पाइपलाइन मार्ग पर एनटीपीसी के गोदाम के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बिहार के गोपालगंज निवासी रमेश कुमार मुरादनगर कुटी रोड स्थित एक कॉलोनी में किराए का कमरा लेकर रहते थे। रमेश कुमार को बाइक से पाइप लाइन मार्ग से गांव नवीपुर अपने एक साथी के साथ जा रहे थे। जब वह एनटीपीसी के गोदाम के सामने पहुंचे, तो अचानक उनके आगे बेसहारा पशु आ गए। इसके बाद उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक काफी दूर जा गिरा और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# संपादकीय



## चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी को विपक्ष ने बताई बदले की कार्रवाई

पिछले कुछ समय से चंद्रबाबू नायडू जगनमोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ आक्रामक विरोध कर रहे थे, इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि इसका बदला लेने की नीयत से राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। जब भी किसी अनियमितता के मामले में किसी बड़े पदाधिकारी या नेता के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो भरोसा बनता है कि इससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। मगर पिछले कुछ वर्षों से भ्रष्टाचार के मामलों में राजनेताओं की गिरफ्तारियों को प्राय सियासी रंग दे दिया जाता है। पक्ष और विपक्ष के दल परस्पर बंटे नजर आते हैं। जाहिर है, इससे भ्रष्टाचार को लेकर आम लोगों में भ्रम फैलता है और इस तरह इसके खिलाफ कोई भरोसेमंद लड़ाई आगे नहीं बढ़ पाती। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी को लेकर भी ऐसा ही माहौल बन गया है। विपक्षी पार्टियां सत्तारूढ़ दल पर बदले की भावना से काम करने का आरोप लगा रही हैं। तेलुगु देशम पार्टी के कार्यकर्ता इसके विरोध में आंदोलन पर उतर आए हैं।

### सीएम रहते बेरोजगार युवाओं में कौशल विकास के लिए एक योजना शुरू की थी

गौरतलब है कि चंद्रबाबू नायडू को कौशल विकास घोटाले के आरोप में वहां की सीआइडी की आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि करीब सात साल पहले चंद्रबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री रहते बेरोजगार युवाओं में कौशल विकास के लिए एक योजना शुरू की थी, जिसके लिए तीन हजार तीन सौ करोड़ रुपए की परियोजना तैयार की गई। यह काम एक निजी कंपनी को दिया गया, जिसे इसमें पैसे लगाने थे और कुल लागत का केवल दस फीसद राज्य सरकार को खर्च करना था। मगर कंपनी ने पैसे नहीं लगाए और सरकार ने फर्जी कंपनियों को करीब ढाई सौ करोड़ रुपए दे दिए। हालांकि करीब दो साल पहले सीबीआइ ने इस मामले की जांच की थी, जिसमें पच्चीस लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। उसमें चंद्रबाबू नायडू का नाम नहीं था। मगर इस साल मार्च में इस मामले की जांच सीआइडी को सौंप दी गई। उसने अपनी छानबीन में पाया कि इसमें गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और उनमें खुद चंद्रबाबू नायडू शामिल हैं। उसने चंद्रबाबू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। चूंकि सीआइडी राज्य सरकार के अधीन काम करती है, इसलिए विपक्षी दलों के लिए यह आरोप लगाना आसान हो गया है कि उसने राज्य सरकार के इशारे पर यह कार्रवाई की है। ड्डपिछले कुछ समय से चंद्रबाबू नायडू जगनमोहन रेड्डी सरकार के खिलाफ आक्रामक विरोध कर रहे थे, इसलिए यह भी कहा जा रहा है कि इसका बदला लेने की नीयत से राज्य सरकार ने यह कदम उठाया है। इस तरह कौशल विकास घोटाला भी राजनीति की भेंट चढ़ता नजर आने लगा है। यह पहला मामला नहीं है, जब भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई किसी कार्रवाई को सत्तापक्ष की बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता कर हकीकत पर परदा डालने का प्रयास किया जा रहा है। दिल्ली में शराब घोटाले, महाराष्ट्र में भूमि खरीद घोटाला, पश्चिम बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाला आदि में हुई राजनेताओं की गिरफ्तारियों और सीबीआइ, प्रवर्तन निदेशालय आदि जांच एजंसियों की अनेक नेताओं से पूछताछ को लेकर भी इसी तरह की सियासी सरगर्मी दिखती रही है। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकारें जांच एजंसियों का अपने सियासी नफे-नुकसान की दृष्टि से दुरुपयोग करती रही हैं। बहुत सारे मामलों में यह स्पष्ट भी है। मगर हर मामले को सियासी कदम कह कर खारिज कर देने से लोगों में भ्रष्टाचार उन्मूलन को लेकर भरोसा कमजोर होता है। जब तक ऐसे मामलों को राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति बंद नहीं होगी, तब तक सचमुच भ्रष्टाचार को खत्म करने का मकसद पूरा नहीं होगा।

## भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

कहा जा सकता है कि जी20 अपने घोषित उद्देश्यों को अब वैश्विक परिदृश्य में नया स्वरूप दे रहा है और भारत इसमें अब केंद्रीय भूमिका में है।

उम्मीद के मुताबिक जी20 के शिखर सम्मेलन में जिन बातों पर सहमति बनी है, उन्हें विश्व को बेहतर बनाने के प्रयासों का एक अहम हिस्सा कहा जा सकता है। इस ऐतिहासिक आयोजन के दौरान जी20 के मूल मकसद और इस समूह के सदस्य देशों के बीच अनेक मुद्दों पर बनी सहमति एक बड़ी उपलब्धि है। इसमें भारत की भूमिका जिस रूप में सामने आई है, उसे दुनिया भर में इसकी मजबूत उभरती छवि के तौर पर भी देखा जा सकता है। यह भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत में कई मुद्दों पर साथ देने के मामले में भी सामने आया।

खासकर 'नई दिल्ली घोषणापत्र' पर सभी सदस्य देशों के बीच बनी सहमति में एक नई विश्व-दृष्टि की झलक मिलती है। खुद प्रधानमंत्री ने इस घोषणापत्र के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके साथ ही एक इतिहास रचा गया है; हम सर्वसम्मति और मनोभाव के साथ एकजुट होकर बेहतर, अधिक समृद्ध और समन्वित भविष्य के लिए सहयोग के साथ काम करने का संकल्प लेते हैं। निश्चित रूप से इस शिखर सम्मेलन में सद्भावना और औपचारिक प्रक्रियाओं के बीच यह एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है।

दरअसल, नई दिल्ली घोषणापत्र जिन बिंदुओं पर केंद्रित है, उन्हें विश्व भर में समावेशी विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इसके मुख्य केंद्रीय मुद्दों में मजबूत, दीर्घकालिक, संतुलित और समावेशी विकास के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों पर आगे बढ़ने में तेजी, दीर्घकालिक भविष्य के लिए हरित विकास समझौता, इक्कीसवीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं और बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करना आदि शामिल हैं।

जाहिर है, आर्थिक सहयोग पर आधारित विकास के लिए काम कर रहे जी20 का नई दिल्ली घोषणापत्र भी इसके घोषित लक्ष्यों के अनुरूप है। इस आयोजन में यह भी उम्मीद थी कि सदस्य देशों के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी एक स्पष्ट राय सामने आएगी। इस मसले पर समूह के बाली में हुए पिछले शिखर सम्मेलन के रुख को ही दोहराया गया कि सभी देशों को किसी भी अन्य देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ क्षेत्रीय अधिग्रहण की धमकी या बल के उपयोग से बचना चाहिए। साथ ही परमाणु हथियारों का उपयोग या इसकी धमकी अस्वीकार्य है। इसके अलावा, सभी नेताओं ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया।

जाहिर है, मौजूदा विश्व में गंभीर चुनौतियों को संबोधित करते हुए सम्मेलन में फिर से व्यापक महत्त्व के मुद्दों पर साथ काम करने को लेकर सहमति बनी है। जी20 सम्मेलन से इतर भारत के लिए यह मौका कूटनीतिक तौर पर एक अतिरिक्त अवसर था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति और हमारे प्रधानमंत्री के बीच सीधी बातचीत को एक अहम पक्ष के रूप में दर्ज किया जा सकता है। इसमें दोनों देशों ने विश्व कल्याण, रक्षा साझेदारी को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर साथ काम करने का संकल्प लिया। अमेरिका के अलावा भारत ने कई अन्य देशों के साथ भी द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें आने वाले समय में दुनिया भर में आर्थिक, स्वास्थ्य, सामरिक और अन्य क्षेत्रों में उभर रही चुनौतियों का सामना करने के लिए नए आधुनिक तकनीकी संसाधनों से लेकर कूटनीतिक स्तर पर नई रूपरेखा के लिए सहमति बनी। कहा जा सकता है कि जी20 अपने घोषित उद्देश्यों को अब वैश्विक परिदृश्य में नया स्वरूप दे रहा है और भारत इसमें अब केंद्रीय भूमिका में है।

## भारत की बड़ी कामयाबी है 'जी20' शिखर सम्मलेन की सफलता



अशोक मधुप

शंकाओं और आशकांओं के बीच जी20 शिखर सम्मलेन सफलता के साथ संपन्न हो गया। जी20 में नई दिल्ली डिक्लेरेशन का स्वीकार होना, यह कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी जीत है। जी 20 में सभी महाशक्तियां शामिल हैं। उनकी मौजूदगी में भारत द्वारा सहमति का रास्ता निकालना भारत की बड़ी कामयाबी है। अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल कराना भी भारत की बडी सफलता है ।अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान ने भी एयू को स्थायी सदस्य बनाने के मामले में बाधा खड़ी नहीं की ।भारत की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे आंतकवादी दिल्ली की सुदृढ सुरक्षा देख कुछ नही कर पाए। मेट्रो स्टेशन पर रात के अंधेरे में खालिस्तान के समर्थन में चोरी छिपे कुछ नारे ही लिखे जा सके। मुंबई और दिल्ली की संसद में घुंसकर हमला करने वाले आतंकी अब ऐसी घटना करने की सोच भी नही पा रहे। शनिवार को %जी20% शिखर सम्मलेन के पहले दिन जब %नई दिल्ली डिक्लेरेशन% के स्वीकार होने की घोषणा हुई, तो सम्मेलन को कवर करने आए सारे पत्रकार आश्चर्य चकित रह गए। एक-दो ने तो यहां तक कह दिया कि अब दूसरे दिन के कायर्क्रम कवर के लिए रूकना बेकार है। किसी को यह उम्मीद नही थी कि घोषणापत्र सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जाएगा। जी20 घोषणापत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथ 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था ।विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पत्रकारों का बताया कि %गत वर्ष इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाए। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वे अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनवाएंगे। अब पीएम मोदी ने वह गारंटी पूरी कर दी है। जानकारों का कहना है, %एयू% को जी20 की स्थायी सदस्यता दिलाना आसान नहीं था। इस बाबत रूस और चीन का रूख कुछ अलग था। चीन को %जी20% का विस्तार पसंद नहीं था। वजह, इससे ग्लोबल साउथ में उसका कद प्रभावित होता है। करीब एक दशक से चीन का फोकस ऐसे देशों पर रहा है जो अमेरिका, ब्रिटेन या भारत के ज्यादा करीब नहीं हैं। ऐसे देशों को चीन उन समूहों का सदस्य बनवाने की कोशिश कर रहा है, जो उसके प्रभाव में हैं। भारत ने यहीं पर कूटनीतिक दांव चला और एयू (अफ्रीकन यूनियन )को जी20 का सदस्य बनवा दिया। चीन का प्रयास था कि वह अफ्रीकी संघ के देशों में भारी निवेश के माध्यम से अपने आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति करे ।अब इन देशों के जी20 का सदस्य बनने पर अब चीन उन देशों का शोषण करने की साजिश में सफल नहीं हो सकेगा। एयू के 55 देशों के प्राकृतिक संसाधन, चीन के प्रभाव में आने से बच जाएंगे। आंशका थी कि रूस ड्ड यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सर्व सम्मत निर्णय नही हो सकेगा। अमेरिका और यूरोपियन देश चाहेंगे,कि यूक्रेन हमले के लिए रूस को जिम्मेदार माना जाए। इसके लिए उसकी निंदा की जाएं ।रूस और चीन का रूख इसके विपरीत होगा। भारत भी नही चाहता कि उसकी भूमि से उसके परंपरागत मित्र के विरूद्ध कोई निदां या उन्य कोई प्रस्ताव पारित न हो। भारत ने घोषणापत्र पर सर्व समर्थन बनाने के लिए पहल से ही काम शुरू कर दिया था। उसके राजनयिक इस पर सहमति बनाने में लगे थे। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी ।डिक्लेरेशन पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था- सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया। उन्होंने माना कि त्र20 राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को डिस्कस किया गया। %नई दिल्ली डिक्लेरेशन% की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथ 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था ।घोषणापत्र के नौवें पहरे में लिखा था, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि जी20, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है। यह समूह भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है ।हालाँकि हम स्वीकार करते हैं कि इन मुद्दों का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकता है। भारत ने यह बात कह कर चीन और रूस, दोनों को संदेश दे दिया। हालांकि चीन का कहीं नाम नहीं लिया। %नई दिल्ली डिक्लेरेशन% के 13वें पहरे में लिखा है, हम सभी राज्यों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को, अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों के मुताबिक, बनाए रखने की अपील करते हैं। मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करते हैं। विभिन्न देशों के मध्य संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान और संकटों के हल के हल के लिए प्रयास करने के साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने के अपने प्रयास में एकजुट होंगे। यूक्रेन में व्यापक एवं न्यायसंगत और टिकाऊ शांति का समर्थन करने वाली सभी प्रासंगिक और रचनात्मक पहलों का स्वागत करेंगे। बशर्ते, ये सभी पहल, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखें। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना से राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और अच्छे पड़ोसी संबंधों को बढ़ावा देना होगा। भारत ने ऐसा कर %रूस और यूक्रेन% के लिए एक संदेश और जी20 का स्टैंड क्लीयर करदिया।

भारत की जी20 अध्यक्षता की विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने जमकर तारीफ की है। बांगा ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता में दुनिया के लिए एक नया आयाम तय किया है।

उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि भारत ने जी20 घोषणापत्र पर सभी देशों की आम सहमति आसानी से बना ली ।एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बंगा ने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतियां हमेशा मौजूद रहेंगी, लेकिन भारत ने आम सहमति बनाकर दुनिया को रास्ता दिखाया है। बंगा ने कहा कि हर देश अपना फायदा देखता है, लेकिन मैंने इस सम्मेलन में जो मूड देखा, उससे मैं आशावादी हूं। विश्व बैंक अध्यक्ष ने कहा कि यहां हर देश अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान तो दे रहा था, लेकिन दूसरे के विचारों को भी सुन रहा था। जी20 शिखर सम्मेलन में बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को %जी20% की बैठक को सफल करार दिया है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को लेकर सार्थक नीति बनी है। गत मई में पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलिया गए थे। तब भी दोनों देशों ने %निवेश% की संभावनाएं तलाशी थी।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर की घोषणा को एक बड़ी बात करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, अगले दशक में, भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। बाइडेन ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, यही इस जी20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (पीजीआईआई) और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी व संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े कनेक्टिविटी एवं बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग पर एक ऐतिहासिक पहल है।

सउदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान ने इकानॉमिक कॉरिडोर की पहल के लिए इसके लिए काम करने वालों को धन्यवाद दिया ।यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष, प्रेसीडेंट उर्सुला वॉन डेर लेन ने कहा, अर्थव्यवस्थाओं के इन्फ्रास्ट्रक्चर में इनवेस्टमेंट मिडिल इनकम वाले देशों की जरूरत है। इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकॉनामिक कॉरिडोर, ऐतिहासिक है। यह इंडिया, अरेबियन गल्फ और यूरोप के बीच सीधा संपर्क बनाने वाला है। इसके चलते भारत और यूरोप के बीच व्यापार में 40 प्रतिशत की तेजी आएगी। यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच ग्रीन एंड डिजिटल ब्रिज होगा। ट्रांस अफ्रीकन कॉरिडोर, यह घोषणा भी बड़े स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश की पहल है। इसका लाभ सभी सदस्यों को होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, ये एक बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। सभी सदस्य देश, लंबी अवधि के लिए निवेश करने के प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने भी इसे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट करार दिया है। इसमें जर्मनी 3500 मिलियन यूरो का वर्ल्ड बैंक के साथ अतिरिक्त निवेश करेगा।

पीएम मोदी ने समुद्र में केबल के डिजाइन, निर्माण, बिछाने और रखरखाव में क्वाड की सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए %केबल संचार-संपर्क और सहनीयता के लिए साझेदारी पर बल दिया था। राजनेताओं ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में विकास के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत की। एक मुक्त, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपने दृष्टिकोण के तहत, इन नेताओं ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व को दोहराया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। त्र20 का साझा घोषणा पत्र 37 पेज का है। इसमें 83 पैराग्राफ हैं। यहां मुख्य प्रस्तावों यह हैं-सभी देश सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर काम करेंगे। भारत की पहल पर वन फ्यूचर अलायंस बनाया जाएगा।

## दिव्यांग जनों का सशक्तिकरण, एक संवेदनशील आवश्यकता

भारत के दिव्यांग जनों ने ओलंपिक में जिस तरह खेलों में अपना प्रदर्शन दोहरा कर स्वर्ण, रजत और अन्य पदक प्राप्त किए है, उसे देखकर उनकी क्षमता, ऊर्जा, शक्ति और जिजीविषा को दृष्टिगत रखे तो वे राष्ट्र की सलामी और अभिनंदन के हकदार हैं। पूरे विश्व में संयुक्त राष्ट्र संघ की गणना के अनुसार दिव्यांगजन की जनसंख्या लगभग एक अरब है। भारत में ही 2011 की जनसंख्या के अनुसार 2.68 करोड़ दिव्यांगजन निवास करते हैं। आज की स्थिति में इनकी संख्या 3 करोड़ से ऊपर हो चुकी है। दिव्यांगजन प्राकृतिक रूप से शारीरिक क्षमता में कमी के कारण आम आम नागरिकों की तरह जीवन यापन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। दिव्यांग जनों को कई श्रेणी में माना गया है जिनमें दृष्टि हीनता ,बधिरता,मुकता, चलने में असमर्थ, मानसिक कमजोरी , मानसिक रुग्णता, बहु दिव्यांगता आदि होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है की सभी देशों में विकलांगों की समस्याएं अलग-अलग होने के बावजूद उनकी मूल समस्या एक जैसी है, जिसमें आमूलचूल बदलाव लाकर ऐसे व्यक्तियों को सशक्त किया जा सकता है। शरीर के किसी अंग अथवा मस्तिष्क के बाधित अथवा अपूर्ण विकास को दिव्यांगता के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो मानव समाज की एक संवेदनशील समस्या है।

जिसका सामना विश्व के सभी देशों के दिव्यांग जनों को करना पड़ता है। दिव्यांग जनों को मूलत: शिक्षा,रोजगार, स्वास्थ्य, यातायात आदि तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे वे सामाजिक आर्थिक व शैक्षिक क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं। इस संदर्भ में दृष्टि हिनता तथा बधिरता से ग्रस्त हेलेन केलर ने कहा कि दृष्टि हिनों की प्रगति मुख्य बाधा दृष्टि हीनता नहीं, बल्कि दृष्टिहीन लोगों के प्रति समाज की नकारात्मक सोच भी है भारत सरकार ने इस संदर्भ में काफी विचार-विमर्श कर 1995 में विकलांगों के प्रति समाज के दायित्वों के निर्वहन हेतु विकलांग व्यक्ति अधिनियम पारित किया था, जिसे 1996 में लागू किया गया। अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगों के लिए शिक्षा रोजगार सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही शासकीय नौकरी में विकलांगों का पद आरक्षित भी किया गया। इतना ही नहीं 1999 में एक अलग विकलांग राष्ट्रीय कल्याण तथा राष्ट्रीय न्यास का गठन किया गया, जिससे इनकी समस्याओं को समाधान हेतु सुना जा सके।

इसके अतिरिक्त दिव्यांग जनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने वर्ष 2012 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बनाया, जिससे इनके लिए अलग से कुछ पैमाने को निर्धारित कर विकास में सहभागी बनाया जा सके ऐसे प्रावधान रखे गए है।




## देश की सात विधानसभा सीटों का उपचुनाव परिणाम, 2024 का संकेत नहीं।



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

हाल ही में देश के कुल छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजें घोषित हुए हैं। गौरतलब हो कि इन सभी सातों विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजें घोषित होने के बाद जहां, इंडिया गठबंधन को चार सीटों पर जीत मिली है। वहीं दूसरी ओर केंद्र की सत्ताधारी पार्टी के गठबंधन यानी, एनडीए को तीन सीटों पर जीत मिली हैं। ऐसे में यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि, हाल ही में गठित इंडिया गठबंधन ने एनडीए की तुलना में एक सीट अधिक जीतकर ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन यहां पर यह भी सवाल उठता है कि, क्या देश के छह राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनाव के हालिया नतीजों को ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों का संकेत मान लेना चाहिए ? दरअसल यहां पर यह सवाल पूछा जाना इसलिए भी तर्कसंगत है, क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता काफी ज्यादा उत्साहित दिख रहें हैं। इतना ही नहीं घोसी विधानसभा के उपचुनाव में सपा प्रत्याशी की जीत पर तो अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर तंज कसते हुए लिखा है कि, क्या जी-20 में जी का मतलब घोसी है ? दरअसल आज के इस लेख में हम इसी मुद्दे पर विस्तारपूर्वक चर्चा करने की कोशिश करेंगें की, क्या घोसी सहित सात राज्यों के विधानसभा उपचुनावों के परिणाम, 2024 में इंडिया गठबंधन की जीत की शुरूआत है ?

### विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों के मुद्दे अलग अलग

दरअसल विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों में जनता के वोट देने के अलग अलग तर्क और मुद्दे होतें हैं। देश में विभिन्न चुनाव नतीजों में अक्सर यह देखने को मिलता है कि, किसी पार्टी को किसी राज्य में लोकसभा की सीटे बहुत ज्यादा मिलती हैं। जबकि उसी पार्टी को बाद में उन्हीं राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुत कम सीटें मिलती हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण दिल्ली,राजस्थान के अलावा हाल ही में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजें हैं। गौरतलब हो कि दिल्ली में जहां पिछले तीन बार से विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को ही ज्यादा सीटें मिल रही हैं। वहीं लोकसभा चुनावों में बीजेपी को सभी सातों सीटों पर बीते दो बार से लगातार भारी बहुमत से जीत मिल रही है। नतीजतन ये आंकड़े इस बात का सबूत है कि, विधानसभा चुनावों के जीत का परिणाम आगे होने वाले लोकसभा चुनावों में जीत का संकेत नहीं होता है।

## उत्तर प्रदेश में घोसी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन को मिली पहली जीत



### घोसी विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी की हार की वजह खुद दारा सिंह चौहान !

उत्तर प्रदेश की जिस घोसी विधानसभा सीट के उपचुनाव में बीजेपी की हार हुई है। दरसअल उस घोसी सीट पर सही मायने में बीजेपी की हार की सबसे बड़ी वजह खुद बीजेपी उम्मीदवार दारा सिंह चौहान ही हैं। क्योंकि दारा सिंह चौहान का बीते 35 सालों का राजनीतिक करियर ही दल बदलने का रहा है। गौरतलब है कि इससे अलावा बीजेपी प्रत्याशी मौजूदा समय में घोसी सीट से सपा के टिकट पर निर्वतमान विधायक भी थें ।लेकिन उन्होंने चुनाव जीतने के महज 14 महीने बाद ही सपा को छोड़कर एक बार फिर से भाजपा का दामन थाम लिया था। ऐसे में दारा सिंह चौहान के बार बार दल बदलने की वजह से जनता में उनके खिलाफ एक बड़ी नाराजगी भी थी। क्योंकि घोसी सीट पर अकेले राजभर जाति के ही 60000 मतदाता जबकि चौहान जाति के 50000 मतदाता आतें हैं।

लेकिन सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और खुद दारा सिंह चौहान के उम्मीदवार होने के बावजूद, उत्तर प्रदेश की पूरी भाजपा सरकार भी दारा सिंह को उपचुनाव में जीत नहीं दिला सकी। ऐसे में घोसी विधानसभा सीट पर जिस अति आत्मविश्वास में सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर अपनी जीत का दावा कर रहें थें, अब उनकों भी इन चुनावों के परिणाम के बाद, जनता के निर्णय का अंदाजा बखूबी समझ में आ गया होगा।

### घोसी विधानसभा उपचुनाव की हार से बीजेपी नेताओं को लेना चाहिए सबक

दरसअल भारतीय जनता पार्टी के ज्यादातर नेता लगातार चुनावों में जीत मिलने से इस मुगालते और गलतफहमी में जी रहें थें कि, वह हर चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर जीत सकतें हैं। लेकिन घोसी विधानसभा के उपचुनाव परिणामों से सपा की जीत होने के बाद भाजपा के बड़े बड़े नेता भी सकते में आ गए हैं। दरअसल जिस अति आत्माविश्वास से भाजपा ने सपा को छोड़कर आए दारा सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बना दिया था ।उसे देखकर तो लगता है कि, भाजपा भी अपनी जीत को लेकर काफी ज्यादा आश्वस्त रही होगी। लेकिन जनता ने इस बार दलबदल करने वाले दारा सिंह चौहान को पूरी तरह से नकार दिया। ऐसे में भाजपा नेताओं को इस हार से दो सबक तो निश्चित रूप से लेना चाहिए। जिसमें पहला यह है कि, अब हर चुनाव भाजपा केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चेहरे के भरोसे नहीं जीत सकतीं हैं। इसके अलावा दूसरा सबक भाजपा के लिए यह भी है कि, चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव प्रत्याशी के चयन से पहले उसके बारे में काफी ज्यादा गंभीरता से विचार विमर्श करना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि घोसी विधानसभा के उपचुनाव में जनता ने भाजपा को नहीं अपितु दारा सिंह चौहान को चुनाव में हराया है।

## शार्ट न्यूज

### भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत को उनकी 136वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि वे उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत के गृहमंत्री भी रहे। पंडित पंत हिंदी के प्रबल समर्थक थे।

### आगरा के होटल में युवक की मौत

**आगरा।** आगरा के एक होटल में युवक की मौत हो गई। रात में वह पत्नी से सिगरेट पीने बालकनी में जाने बात कह कर कमरे से बाहर निकला था। सुबह खून से लथपथ डेड बॉडी स्विमिंग पूल के पास मिली। होटल स्टाफ ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ताजगंज देवेंद्र शंकर पांडेय ने बताया, ताजगंज क्षेत्र में 4 स्टार होटल हावर्ड प्लाजा है। होटल में एक फार्मेसी कंपनी की मीटिंग थी। कंपनी ने होटल में 20 कमरे बुक कराए थे। यहां पर बाराबंकी गणेश नगर के रहने वाले राजकुमार यादव अपनी पत्नी के साथ आए थे। वो थर्ड फ्लोर पर 305 नंबर के कमरे में रुके थे। रात को कंपनी की मीटिंग के बाद पार्टी चली। पार्टी में राजकुमार भी शामिल हुए थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार ने ज्यादा शराब पी ली थी। इसके बाद साथी उसे थर्ड फ्लोर पर कमरे में छोड़ कर आए थे। सुबह स्विमिंग पूल के पास शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं पत्नी ने बताया कि पार्टी के बाद रात 11.35 बजे राजकुमार कमरे में आए थे। कुछ देर बाद सिगरेट पीने के लिए बालकनी में जाने की बात कही। काफी देर तक नहीं लौटे तो फोन किया, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

### बुलंदशहर में बिजली की समस्या को लेकर भाजपा विधायक धरने पर

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले की शिकारपुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा पहासू समेत 50 गांवों में दो दिन से ठप्प पड़ी विद्युत आपूर्ति से क्षुब्ध सैकडों ग्रामीणों ने सोमवार को स्थानीय भाजपा विधायक के साथ बिजली घर पर धरना दिया। भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने बताया कि कस्बा पहासू क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से क्षेत्र में चरमराई बिजली व्यवस्था के विरुद्ध उनसे शिकायत कर रहे थे। इस संदर्भ में उन्होंने कई बार विद्युत विभाग के आल्हा अधिकारियों से संपर्क कर बिजली व्यवस्था को सुचारु करने के लिए कहा था। पिछले दो दिनो से कस्बा पहासू तथा आसपास के 60-70 गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। किसान अपने काम सही प्रकार से नहीं कर पा रहे हैं। इससे क्षुब्ध होकर आज सुबह 11: 30 बजे ग्रामीण बिजली घर पर इकट्ठे हुए तथा अधिकारियों के विरुद्ध नारेबाजी की और धरने पर बैठ गए। शर्मा ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री के सख्त आदेश के बावजूद संबंधित अधिकारी लापरवाही का परिचय दे रहे हैं इससे बीजेपी की छवि पर भी काफी फर्क पड़ रहा है और वह अपने क्षेत्र की जनता को संतुष्ट भी नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए वह आज यहां धरने पर बैठ गए हैं।

### बारिश से पांच कच्चे मकान गिरे,दो घायल

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के कमलापुर क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज मूसलाधार वर्षा के बीच पांच कच्चे मकान गिरने से दो लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मूसलाधार बारिश में ग्राम बाहरी मऊ में एक कच्चा मकान गिर गया जिसमें संगीता (30) और एक नवजात बच्ची दब गई। गांव वालों ने तुरंत उन्हें निकाल लिया। बच्ची पूरी तरह महफूज रही मगर संगीता को गंभीर चोटे आयी जिन्हे सीएचसी कसमंडा में भर्ती कराया है। हादसे के समय उनका पति मुन्ना लाल दिल्ली में मजदूरी करने गया था। एक अन्य घटना ग्राम सतनपुर में हुई जहां प्रेम प्रकाश (50)का कच्चा मकान गिर गया जिसमें वह दब गए। उनके पैर में फ्रैक्चर आ गया है उन्हें कसमंडा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। इसके अलावा सतनपुर गांव में रामाधार, इंद्रपाल एवं मैंकू के भी कच्चे मकान गिर गए हैं। एक अन्य घटना में थाना पिसावां अंतर्गत ग्राम लौकी का प्राथमिक विद्यालय की दीवारें भी गिर गई है। यह पुराना भवन था संयोग से स्कूल में छुट्टी थी अन्यथा कोई गंभीर हादसा हो जाता।

### गाजीपुर में बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**गाजीपुर।** गाजीपुर में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने युवक को दिनदहाड़े गोली मार दी। गोली मारने के बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। गोली लगने से घायल ने पुलिस को वारदात की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस रामकेर को तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। जहां स्थिति नाजुक होने पर उनको ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना शादियाबाद के मौडीडीह की है। ग्रामीणों ने बताया कि फरीदपुर निवासी रामकेर यादव अपनी स्कूटी से जखनिया की तरफ जा रहे थे। तभी जखनिया की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग आये और सामने गाड़ी रोककर गोली मारते हुए शादियाबाद की तरफ भाग गए। गोली चलने की सूचना मिलते ही अगल-बगल के लोग भी इकट्ठा हो गए। शादियाबाद थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने बताया रामकेर यादव लगभग 15 दिन पहले ही जेल से छूट कर आया था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि गोली मारे जाने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। गोली लगने से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। संदिग्धों की छानबीन की जा रही है।

### जालौन में पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

**जालौन।** जालौन में राजस्व विभाग का डिजिटल क्रॉप सर्वे ई-खसरा पड़ताल का काम दिये जाने से नाराज होकर पंचायत सहायकों ने सोमवार को जालौन के उरई कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की धमकी दी। कार्यालय का घेराव देखते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को अपने कमरे से बाहर आना पड़ा और पंचायत सहायकों की बात को सुनते हुये उन्हें समझाकर मामले को शांत कराया और उच्च अधिकारियों को इस बारे में बात रखने की बात कही। पंचायत सहायक यूनियन जालौन के बैनर तले आज सैकड़ों गांव के पंचायत सहायक जालौन के उरई जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे में डयूटी लगाये जाने से नाराज होकर प्रदर्शन किया। पंचायत सहायक नेहा, नेहा भारती, नेहा राजपूत, दीप्ति, शुभ्रा, वर्षा, शिल्पी, राखी, प्रियंका, अशोक, मनीष, शिवम सहित सैकड़ों पंचायत सहायक ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट में बने जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का घेराव किया।

### गांजा और हथियार के साथ 3 गिरफ्तार

बलिया। बलिया के थाना नगरा, बांसडीह और रसड़ा पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए 30 ग्राम हेरोइन,1175 ग्राम गांजा और अवैध तमंचा व कारतूस के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। थाना नगरा पुलिस टीम के उप निरीक्षक छुन्ना सिंह टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मुहम्मद जाफर आलम पुत्र सदरे आलम निवासी ताजपुर डेहमा थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर को पाण्डेयपुर चट्टी से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 30 ग्राम हेरोइन बरामद बरामद हुआ। बांसडीह पुलिस टीम के उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह की टीम ने मुखबिर सूचना के आधार पर अभियुक्त रविन्दर कुमार राजभर पुत्र शिवमंगल राजभर निवासी ग्राम मिश्रवलिया थाना बांसडीह बलिया को मिश्रवलिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

# विकास को नई दिशा दे रही योगी सरकार

## विंध्य क्षेत्र में जारी बड़े प्रोजेक्ट्स की लगातार मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने पर सीएम योगी का है फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही नागरिक सुविधाओं संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर्स को सुदृढ़ करने में लगी योगी सरकार ने अब विंध्याचल क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सीएम योगी की मंशा हमेशा से ही विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास की रही और यही कारण है कि विंध्य डिविजन में अब तक 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले 73 प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया है। वहीं, 177 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिन पर काम अभी जारी हैं और इस फेहरिस्त में विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं।

ऐसे में, योगी सरकार ने इन सभी प्रोजेक्ट्स की रेगुलर मॉनिटरिंग, परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण और उच्च गुणवत्तापूर्ण



निर्माण कार्यों को सुनिश्चित किए जाने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करना शुरू कर दिया है।

### ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं

सोनभद्र में चाहें थाना पिपरी बैरक हॉस्टल हो, आईटीआई दूधी हो, नगवन बांध में रिपेयर वर्क हो, या फिर गऊ संरक्षण केंद्र, चोपन में बीज भंडारण केंद्र व अटल आवासीय विद्यालय के इमारती कार्य को पूर्ण करना हो, इन सभी परियोजनाओं को या तो पूर्ण कर लिया गया है या फिर यह पूर्ण होने के अंतिम चरण में हैं। विंध्य क्षेत्र में जारी इंफ्रास्ट्रक्चरल प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग खुद मुख्य सचिव द्वारा भी की जा रही है और उनके समक्ष जो रिपोर्ट पेश की गई है उसमें यह विवरण दिए गए हैं।

विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स को लेकर योगी सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि परियोजनाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर उसके निराकरण की प्रक्रिया अपनाई जाए और किसी प्रकार की लेटलतीफी व ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है।

यही कारण है कि मिर्जापुर में निर्माणाधीन आयुष अस्पताल में निर्माण कार्य की प्रगति कार्ययोजना के अनुरूप न होने के कारण कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

### तीन सूत्रीय एजेंडा पर हो रहा काम

रिपोर्ट के अनुसार, 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले प्रोजेक्ट्स में से मिर्जापुर में 31 प्रोजेक्ट्स पूर्ण हो गए हैं जबकि 75 पर कार्य जारी है। वहीं, भदोही में 18 प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 48 पर कार्य जारी हैं।

इसी प्रकार, सोनभद्र क्षेत्र में 24 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 54 पर कार्य जारी है। जिन प्रोजेक्ट्स पर अभी कार्य जारी है उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें मुख्य रूप से त्रिसूत्रीय एजेंडे का निर्धारण किया गया है।

# नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी

## सड़क खराब हुई तो निर्माता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है।

आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें।

# उन्नाव में बिजली गिरने से 150 भेड़ों की मौत

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है।

हसनगंज तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात बिजली गिरने से 150 भेड़ों के मारे जाने की सूचना है वहीं बीघापुर तहसील क्षेत्र के एक अति प्राचीन मंदिर के आंशिक क्षतिग्रत होने की बात प्रकाश में आई है।

एसडीएम हसनगंज नवीन चंद्र के अनुसार हसनगंज तहसील के मुडैरा गांव में बिजली गिरने से लगभग 140 भेड़ों की मौत हुई है।

बिजली गिरने से भेड़ पालक के लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है। रामकुमार गांव के बाहर बाड़ा लगाकर भेड़ पालता है। बीती रात 12 से साढ़े 12 के बीच आकाशीय बिजली गिरने से बाड़े में रही करीब 140 भेंडों की मौत हो गई है।

चंद्र ने बताया लेखपाल की आख्या के आधार पर नुकसान का आंकलन कराकर दैवीय आपदा कोष से राहत दिलाने की व्यवस्था कराई जा रही है। इसी तरह बीघापुर तहसील अंर्तगत गौरी गांव में अति प्राचीन मंदिर में आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर के मुख्य द्वार के बाहर के पत्थर टूटकर बिखर गए है, और बिजली के उपकरण फुंक जाने की बात स्थानीय निवासियों ने दी है। यहां किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है।


# मेरठ में तैनात दरोगा के बेटे की गला रेतकर हत्या

## दोस्तों संग मसूरी के होटल में रूका था, मर्डर के बाद बेड में छिपाया शव

मेरठ। मेरठ में तैनात दरोगा के बेटे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मर्डर के बाद उसके बॉडी को होटल के ही कमरे के बेड में छिपा दिया गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

दरोगा सत्याकुमार चौधरी का 24 साल का बेटा कपिल चौधरी मसूरी के भट्टा गांव में अपने दोस्तों संग एक होम स्टे होटल में शनिवार को रुकने गया था। रविवार को उसकी बॉडी मिली है। माना जा रहा है कि साथ ठहरे एक युवक ओर युवती ने उसकी हत्या की है।

### एक कमरे में रुके थे 2 लड़के, 1 लड़की





रुड़की आदर्श नगर निवासी सत्याकुमार चौधरी मेरठ में दरोगा हैं। बेटा कपिल निजी गाड़ियां चलाता है। शनिवार को बेटा मसूरी, भट् ?टा गांव के चायरोटी सेवन नाइट होम स्टे में एक युवक और एक युवती के साथ कार से पहुंचा था। तीनों ने होटल का कमरा नंबर 106 बुक किया था। पहले तीनों ने रेस्टोरेंट में खाना खाया, सोने के लिए कमरे में चले गए। सुबह जब होटल स्टाफ बाहर आया तो होम स्टे के बाहर से इन लोगों की कार गायब थी।

### कपिल ने ही अपने नाम पर लिया था रूम

स्टाफ ने जब रूम चेक किया तो देखा कमरे में बेड के नीचे खून बिखरा था। बेड खोला तो उसमें युवक की लाश मिली।

शव से खून बह रहा था। मानो धारदार हथियार से गला रेता गया हो। लाश की पहचान कपिल चौधरी के रूप में हुई। जबकि कपिल के साथ आई लड़की, लड़का दोनों गायब थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। होटल के सीसीटीवी चेक किए गए तो देखा कि कपिल के साथ आया लड़का और लड़की सुबह तड़के चार बजे ही ही कार लेकर होटल से चले गए। पुलिस ने रुम सील कर दिया है। सीसीटीवी मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच कर रही है। वहीं परिजनों को सूचना भी दी है।

### दरोगा के बेटे के नाम रजिस्टर कार

पुलिस ने होटल रिकार्ड चेक किया तो यह कमरा कपिल ने ही अपने नाम से बुक कराया था। साथ आए युवक और का नाम रजिस्टर में नहीं है। इसलिए वो कौन थे पहचान नहीं हो पा रही। कार भी कपिल के नाम पर रजिस्टर्ड थी, जिसे कपिल चलाता था। पुलिस के अनुसार भागे गए युवक और युवती की लोकेशन हरिद्वार में मिली है।

# मकान गिरने से वृद्धा समेत दो लोगों की मौत

उन्नाव। उन्नाव में भारी बारिश के चलते अलग-अलग तहसील क्षेत्र में कच्चे मकान ढहने से एक वृद्ध और वृद्धा की दबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पर सर्किल के एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी है। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गजफ्फरनगर गांव में बीती देर रात बारिश के चलते कच्ची कोठरी गिरने से मलबे में दबकर वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कर रही हैं।

### मौके पर लेखपाल को भेजकर कराई जाएगी जांच रिपोर्ट तैयार

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गजफ्फरनगर गांव की रहने वाली वृद्ध सुंदारा रात अपनी कच्ची कोठरी में सो रही थी। तेज बारिश के चलते अचानक कच्ची कोठरी की दीवार भर भरा कर उसके ऊपर गिर गई। जब तक आसपास के ग्रामीण उसको बाहर निकालते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वृद्धा के कोई भी संतान नहीं है। पति सुखलाल की मौत बीते कई वर्षों पहले हो चुकी है। इनकी देखरेख उनके परिवार के ही गंगाराम करते थे। वृद्धा



अपने घर में अकेले ही रहती थी।

ग्राम प्रधान की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई कर रही है। इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि दीवार गिरने से वृद्धा की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

एसडीएम नवीन चंद ने बताया कि दीवार गिरने से वृद्धा की मौत हुई है। मौके पर लेखपाल को भेजकर जांच रिपोर्ट तैयार कराई जाएगी।

दूसरी घटना- इसी प्रकार से पुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम सुईखेड़ा में रहने वाले 55 वर्षीय राम स्वरूप पुत्र सत्य नारायण घर के बाहर कच्चे मकान के नीचे सोए हुए थे।

भारी बारिश होने से घर गिर गया। जिससे उनकी दबकर मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर एसडीएम पुरवा अतुल गंगवार राजस्व टीम के साथ पहुंचे। एसडीएम ने मृतक के शव को कर दिया में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।

### उन्नाववासियों से अपील लोग बारिश में बरतें सावधानी

बताया कि स्थलीय निरीक्षण किया गया है। मृतक के पास 2014 में इंदिरा आवास योजना के तहत घर मिला था। एक और घर पक्का है। हर बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। जो यथासंभव मदद होगी की जाएगी।

जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि बीती रात से लगातार बारिश हो रही है। जिसके चलते कई जगहों पर जल भराव हुआ है। आकाशीय बिजली भी गिरी है।

ऐसे में बारिश के बीच होने वाली समस्याओं से निपटा जा रहा है। उन्नाव वासियों से अपील है कि वह भी सावधानी बरतें।

### बदायूं में आढ़ती की गुल्लक से उड़ाए 50 हजार

बदायूं। बदायूं के बिल्सी की गल्ला मंडी में व्यापारी से दिनदहाड़े झपटमारी हो गई। बाइक सवार दो बदमाश उसकी आढ़त से गुल्लक उठाकर भाग गए। विरोध पर गुल्लक को लेकर खींचतान भी हुई, लेकिन शातिर पकड़े नहीं जा सके। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। कस्बा बिल्सी निवासी ओमप्रकाश की गल्ला मंडी में आढ़त है। यहां वह अनाज की खरीद फरोख्त का कारोबार करते हैं। सोमवार को यहां बाजार थी और सुबह से किसानों की भीड़ जुटने लगी थी। बकौल ओमप्रकाश वह अपनी आढ़त पर पहुंचे और लगभग 50 हजार रुपए गुल्लक में रख दिए। इसी दौरान दो युवक बाइक से वहां पहुंचे और उनकी लकड़ी की गुल्लक उठाकर भाग निकले। ओमप्रकाश ने विरोध करना चाहा, लेकिन शातिर गुल्लक झपटकर भाग निकले। मामले की जानकारी पर सीओ बिल्सी चंद्रपाल सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और भुक्तभोगी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। दिनदहाड़े हुई घटना से अन्य व्यापारियों में भय व्याप्त है। बिल्सी गल्ला मंडी ही नहीं बल्कि पिछले दिनों उझानी में भी आढ़त से रकम पार करने की कई घटनाएं हुई हैं।

# गोरखपुर में युवक-युवती की लाश मिली

## युवक का नाले में तो युवती की झाड़ी में मिली लाश

**गोरखपुर।** गोरखपुर में सोमवार को एक युवक और एक युवती की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की लाश शाहपुर इलाके स्पोर्ट्स कॉलेज के पास मिली है तो वहीं युवती की लाश पीपीगंज इलाके के जसवल बाजार चौराहे से राप्ती नदी पर स्थित सिसई पुल के पास मिली है।

युवक की तो पहचान हो गई। लेकिन, युवती की अभी पहचान नहीं हो सकी है। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की पड़ताल में जुट गई। वहीं, दोनों मामलों में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकेगी।

पुलिस पुलिस इस एंगल की भी जांच कर रही है कि कहीं दोनों शवों का कनेक्शन एक तो नहीं। क्योंकि, युवक कैंपियरगंज का रहने वाला था। जबकि, युवती की लाश पीपीगंज इलाके में मिली है। ऐसे में आशंका है कि दोनों की हत्या कर शवों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया गया हो।

### नाले में मिली युवक की लाश

सोमवार की सुबह लोगों ने शाहपुर इलाके के स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित एक अस्पताल के सामने नाले में एक युवक की लाश देखी। उसकी उम्र करीब 30 साल होगी। युवक के नाक से खून निकल रहा था। जिसे देख लोगों ने हत्या की आशंका जताई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। वहीं, युवक की पहचान कैंम्पियरगंज इलाके के लोहरपुरवा निवासी पृथ्वीराज (30) के रुप में हुई। वो यहां शाहपुर के पादरी बाजार में अपने भाई के साथ किराए पर रहकर मजदूरी करता था। मृतक की जेब से आधार कार्ड और मोबाइल मिला है, जिससे उसकी पहचान हुई। पुलिस ने मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मेट्रोमोनियल साइट से ठगी करने वाले गैंग का खुलासा

## फर्जी सब इंस्पेक्टर बनकर देते थे शादी का झांसा

आजमगढ़। आजमगढ़ में सोमवार को ठगी गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। ये लोग इंस्टाग्राम और जीवनसाथी ऐप के जरिए लोगों को फंसाते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रोफाइल में फर्जी इंस्पेक्टर की वर्दी लगाकर बातचीत आगे बढ़ाते थे। फिर शादी का ऑफर आने पर उनसे नजदीकियां बढ़ाते थे। इसके बाद मां के ऑपरेशन के नाम पर रुपए लेते थे। सोशल साइट पर ब्लाक कर देते थे। इस तरह से इन लोगों को लाखों की ठगी की है। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा है। इनमें एक व्यक्ति 2020 से सक्रिय है। इतना ही नहीं ये लोग समय-समय पर नेताओं और रसूखदार लोगों के साथ फोटो लगाते थे। यह गिरोह बलिया, मिर्जापुर, लखनऊ इलाहाबाद में सक्रिय है। पहले से इलाहाबाद व लखनऊ में मुकदमे लिखे जा चुके हैं।

एसपी सिटी शैलेन्द्र लाल ने बताया,धीरज सिंह अपनी सुख-सुविधा और समाज में रुतबा जमाने के लिए काफी दिनों से दरोगा की वर्दी पहनकर, फर्जी नेम प्लेट और परिचय पत्र अपने मामा से प्राप्त कर अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। ठगी से जो पैसा मिलता था उसे आपस में सारे मिलकर बांट लेते थे। आरोपी ने कानपुर में खुद की भतीजी पीड़िता से नकली दरोगा बनकर शादी का झांसा देकर से 70 हजार रुपए धोखाधड़ी के माध्यम से ले लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने धीरज सिंह, पंकज सिंह, राजेश सिंह और प्रवीण सिंह को गिरफ्तार किया है।

### रेप का वांछित आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। फतेहपुर में नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद जंगल में ले जाकर रेप के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी है। एसपी ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। मलवां थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि एक साल पहले नाबालिग लड़की का अपहरण करने के बाद जंगल ले जाकर दुष्कर्म करने के बाद बेहोशी हालत में छोड़कर आरोपी भाग गया था। जिसके ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था। उपनिरीक्षक मुमताज खान ने आरोपी युवक ऋषभ कुमार निवासी जूही बारा देवी जूही कालोनी कानपुर नगर को बरौरा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजने की। 2022 में नाबालिग लड़की को आरोपी अपहरण कर जंगल ले गया और साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# देवबंद में घर में चल रहा था अवैध स्लाटर हाउस, पुलिस ने तीन गोकशों को गिरफ्तार किया, 8 फरार

**सहारनपुर।** सहारनपुर में गोतस्करों ने घर में ही अवैध रूप से मिनी स्लाटर हाउस चला रखा था। पुलिस ने तीन गोकशों को गिरफ्तार किया है। जबकि 8 फरार है। मौके से 15 गोवंश और 50 किलो मांस बरामद किया है। आरोपी बेहसहारा गोवंश को पकड़कर घर के घेर में बांधते थे और दूसरे घेर में गोवंश का कटान कर बाजारों में मांस सप्लाई करते थे। जो मांस बच जाता था, उस पर केमिकल लगाकर रख देते थे। बचे मांस को अगले दिन ताजे मांस में मिलाकर बेचते थे। पुलिस की संलिप्त पाए जाने पर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर और दो दरोगा और तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामला थाना देवबंद का है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, जब पुलिस को अवैध मिनी स्लाटर हाउस की सूचना मिली तो टीम का गठन किया।



टीम देवबंद के मोहल्ला बैरुन कोटला में छापेमारी करने पहुंची। मोहल्ले में आमने-सामने दो घेर दिखाई दिए। जिसमें जिंदा गोवंश बंधे हुए थे और उसके सामने वाले घेर में गोवंश का कटान हो रहा था। पुलिस को देखकर दूसरे घेर से करीब 10 लोग चाकू-छुरे लेकर आए और पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हुए है। हालांकि तीन गोकशों राजू उर्फ इसरार, रहमान उर्फ टमाटर और सलमान को गिरफ्तार किया है। जबकि 8 गोकश भागने में कामयाब हो गए। पुलिस के अनुसार, गोकशों ने अवैध रूप से स्लाटर हाउस बना रखा था। आरोपी पशु मंडियों से कुछ गोवंश खरीदते थे और कुछ बेसहारा गोवंश को पकड़कर लाते थे। उसे शाहिद नामक व्यक्ति के घर में बांधते थे। जिसे बाद दूसरे घेर में अवैध रूप से गोवंश का कटान करते थे। मांस को बाजारों में सप्लाई करते थे।

## शार्ट न्यूज

### भारत और ब्रिटेन ने आर्थिक और बहुपक्षीय मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर किया विचार विमर्श

नयी दिल्ली । भारत और ब्रिटेन ने दोनों देशों की आर्थिक शक्तियों के मद्देनजर व्यापक आर्थिक एवं बहुपक्षीय मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाने पर आज विचार विमर्श किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने आज यहां 12वीं भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता की सह-अध्यक्षता की जिसके बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया। दोनों देशों ने यूके-इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज, विशेषज्ञता का लाभ उठाने और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को अनलॉक करने के लिए एक सहयोगी पहल की घोषणा की गई थी। 12वीं इस बैठक ने गिफ्ट सिटी को लेकर एक बड़ी भूमिका की परिकल्पना की जिससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ाने में मदद मिले। दोनों पक्षों ने पेंशन और बीमा क्षेत्रों में साझेदारी, नियामक सहयोग, ग्रीनफाइनेंसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर फंडिंग और भारत में ब्रिटेन की कंपनियों द्वारा निजी निवेश को बढ़ावा देने के नए क्षेत्रों की खोज पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही आज दोनों देशों के वित्त मंत्रियों ने भारत यूके वित्तीय साझेदारी पर श्री उदय कोटक और श्री बिल विंटर्स की सह अध्यक्षता में आयोतित बैठक में भी भाग लिया।

### 'सेबी ने जरूरी तथ्य छिपाए और शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई'

नई दिल्ली। अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद में जनहित याचिका दायर करने वालों में से एक ने शीर्ष अदालत में आरोप लगाया है कि बाजार नियामक सेबी ने उच्चतम न्यायालय से महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया और अदाणी की कंपनियों की ओर से कथित स्टॉक हेरफेर पर राजस्व खुफिया निदेशालय के पत्र को नजरअंदाज कर दिया। शीर्ष अदालत अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर चार जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिनमें वकील एमएल शर्मा और विशाल तिवारी, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और कानून की छात्रा अनामिका जायसवाल याचिकाकर्ता हैं। सेबी ने 25 अगस्त को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि उसने अदाणी समूह के खिलाफ दो आरोपों को छोड़कर सभी आरोपों की जांच पूरी कर ली है और समूह में निवेश करने वाली विदेशी इकाइयों के वास्तविक मालिकों के बारे में पांच कर पनाहगार देशों से अब भी सूचना का इंतजार है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने उच्चतम न्यायालय को सौंपी स्थिति रिपोर्ट में कहा कि वह जिन 24 मामलों की जांच कर रहा है, उनमें से 22 में जांच पूरी हो गई है। अनामिका जायसवाल ने शीर्ष अदालत में दायर हलफनामे में कहा है कि ओवर इनवॉयसिंग मामले में अदाणी समूह के खिलाफ जांच चल ही रही थी। जिसमें राजस्व खुफिया निदेशालय ने 2014 में तत्कालीन सेबी अध्यक्ष को एक पत्र भेजकर उन्हें सतर्क किया था कि समूह बिजली उपकरणों के आयात में अधिक मूल्यांकन के तरीके का उपयोग करके कथित तौर पर गबन किए गए धन का उपयोग करके शेयर बाजार में हेरफेर कर सकता है।

### बायजू अपने विदेशी उपक्रमों को बेचकर 9956 करोड़ रुपये का लोन चुकाने की कर रहा तैयारी

नई दिल्ली। एड-टेक दिग्गज बायजू अपने विदेशी उपक्रमों एपिक एंड ग्रेट लर्निंग को बेचकर कर्जदाताओं को अपना पूरा 1.2 अरब डॉलर (9,956 करोड़ रुपये) का कर्ज लौटाने पर विचार कर रही है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्र ने कहा कि एड-टेक डेकाकोर्न ऋणदाताओं के साथ चर्चा कर रही है और उसने अपने टर्म बी ऋण को क्लियर देने का प्रस्ताव दिया है। बायजू को अमेरिका स्थित बच्चों की शिक्षा देने वाली कंपनी फर्म एपिक और अपस्कीलिंग फर्म ग्रेट लर्निंग की बिक्री से 800 मिलियन डॉलर से एक अरब डॉलर तक मिलने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा कि फर्म इक्विटी बिक्री से नई पूंजी जुटाने की संभावना पर भी काम कर रही है और रणनीतिक निवेशकों को उपरोक्त प्रमुख संपत्तियों की बिक्री के लिए बैंकरों के साथ काम कर रही है। हालांकि इस बारे में टिप्पणी के लिए एड-टेक प्लेटफॉर्म को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। भारत का सबसे मूल्यवान स्टार्टअप छह महीने से कम समय में पूरे 1.2 बिलियन अमरीकी डालर के टर्म लोन बी (टीएलबी) को चुकाने की उम्मीद कर रहा है। इसमें से 30 करोड़ डॉलर अगले तीन महीने में चुकाने का प्रस्ताव है। हालांकि, कर्जदाताओं ने अभी तक इस प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### खरीफ फसलों पर मानसून में 11 प्रतिशत कम बारिश का असर

नई दिल्ली। देश में मानसून की बारिश में 11 प्रतिशत की कमी के कारण चालू खरीफ सत्र के अंतिम सप्ताह तक दलहनों की बुवाई का रकबा 8.58 प्रतिशत घटकर 119.91 लाख हेक्टेयर रह गया। खरीफ फसलों की बुवाई दक्षिण-पश्चिमी ग्रीष्मकालीन मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती है जो जून से सितंबर तक चलती होती है। दलहन, तिलहन, कपास और गन्ने के अलावा धान मुख्य खरीफ फसल है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू खरीफ सत्र में आठ सितंबर तक धान की बुवाई का कुल रकबा 403.41 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 392.81 लाख हेक्टेयर था। हालांकि दलहनों के मामले में बुवाई पिछड़ रही है और रकबा कम होकर 119.91 लाख हेक्टेयर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 131.17 लाख हेक्टेयर था। मध्य प्रदेश में दालों का रकबा सबसे अधिक घटा है, इसके बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र का स्थान है। मध्य प्रदेश में चालू खरीफ सत्र में आठ सितंबर तक दलहनों की बुआई का रकबा कटौती के साथ 19.72 लाख हेक्टेयर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 23.44 लाख हेक्टेयर था।

### मुआवजा बढ़ाने की मांग पर 30 दिन में फैसला हो, गोदरेज व बॉयस की याचिका पर हाईकोर्ट का निर्देश

नई दिल्ली। बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि वह गोदरेज एंड बॉयस कंपनी की उस अर्जी पर एक महीने के भीतर फैसला करे जिसमें मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए उपनगर विक्रोली में अपनी जमीन के अधिग्रहण के लिए दिए गए मुआवजे को बढ़ाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की खंडपीठ कंपनी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मुंबई उपनगरीय जिला कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर (भूमि अधिग्रहण) को मुआवजा बढ़ाने की कंपनी की अर्जी पर भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन (एलएआरआर) प्राधिकरण को निर्देश देने की मांग की गई थी। पीठ ने संबंधित राज्य सरकार के अधिकारियों को कंपनी के आवेदन पर 30 दिन के भीतर फैसला करने का निर्देश दिया। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मुंबई के विक्रोली इलाके में कंपनी के स्वामित्व वाली जमीन के अधिग्रहण को लेकर कंपनी और सरकार के बीच 2019 से कानूनी विवाद चल रहा है। गोदरेज की दलील थी कि शुरुआत में मुआवजा 572 करोड़ रुपये तय किया गया था, लेकिन जब अंतिम फैसला पारित किया गया तो मुआवजे की राशि घटाकर 264 करोड़ रुपये कर दी गई।

### सैन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया विमान में तकनीकी गड़बड़ी, उड़ान को अलास्का की ओर डायवर्ट किया गया

नई दिल्ली। बंगलूरू से अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी गड़बड़ी के कारण अमेरिकी राज्य अलास्का के एक शहर की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमान में 280 से अधिक यात्री सवार थे। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि एयर इंडिया की ओर से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयानजारी नहीं किया गया है। अधिकारी ने बताया कि गड़बड़ी को दूर किए जाने के बाद उड़ान संख्या एआई 175 गंतव्य की ओर रवाना हुई और विमान सोमवार को भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब 10 बजे सेन फ्रांसिस्को पहुंचा। इस उड़ान का संचालन बी777 विमान के जरिए किया गया था, जिसमें सेन फ्रांसिस्को जाते समय कोई तकनीकी गड़बड़ी पैदा हो गई, जिसके कारण इसे अलास्का के एक शहर एंकोरेज की ओर मोड़ दिया गया। विमान में 280 से अधिक लोग सवार थे और बाद में विमान तय समय से करीब चार घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचा।

# शेयर बाजार सात सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। बैंक ऑफ जापान के नकारात्मक ब्याज दरों के दौर से बाहर निकलने के संकेत के बाद वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन भी तेजी रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 528.17 अंक अर्थात 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर सात सप्ताह के उच्चतम स्तर 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 67127.08 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व यह 20 जुलाई को 67571.90 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 176.40 अंक यानी 0.89 अंक उछलकर 19996.35 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 1.20 प्रतिशत की तेजी लेकर 33,064.96 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत की उड़ान भरकर 38,533.40 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3942 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2110 में लिवाली जबकि 1663 में



गिरावट रही वहीं 169 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 46 कंपनियां हरे जबकि चार लाल निशान पर रही।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान सर्विसेज 3.01, यूटिलिटीज 2.43, दूरसंचार 2.32, पावर 2.04, कमोडिटीज 0.97, सीडी 0.87, ऊर्जा 0.42, एफएमसीजी 0.87, वित्तीय सेवाएं 0.94, हेल्थकेयर 0.55, इंडस्ट्रियल्स 0.57, आईटी 0.61, ऑटो 1.59, बैंकिंग 1.06, कैपिटल गुड्स 0.30, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.33, धातु 0.93, तेल एवं गैस 0.48, रियल्टी 0.88 और टेक समूह के शेयर 0.72 प्रतिशत चढ़ गए।

विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.28, जर्मनी का डैक्स 0.53 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.84 प्रतिशत की तेजी रही जबकि जापान का निक्केई 0.43 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.58 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 209 अंक की तेजी लेकर 66,807.73 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,735.84 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

वहीं, लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,172.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,598.91 अंक के मुकाबले 0.79 प्रतिशत उछलकर 67,127.08 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 70 अंक उठकर 19,890 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,865.35 अंक के निचले जबकि 20,008.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 19,819.95 अंक की तुलना में 0.89 प्रतिशत की छलांग लगाकर 19,996.35 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 2.18, एक्सिस बैंक 1.99, मारुति 1.96, एचसीएल टेक 1.49, एसबीआई 1.39, टाटा मोटर्स 1.20, टाटा स्टील 1.16, एनटीपीसी 1.08, विप्रो 1.05, टीसीएस 1.05, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.04, रिलायंस 1.04, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.92, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.80, सन फार्मा 0.57, भारती एयरटेल 0.50, एचडीएफसी बैंक 0.49, इंफोसिस 0.46, टेक महिंद्रा 0.23 और इंडसइंड बैंक 0.16 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एलटी 0.27 और बजाज फाइनेंस ने 0.22 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## मान, केजरीवाल 14 सितंबर को मिलेंगे जालंधर के उद्योगपतियों से

**जालंधर।** पंजाब सरकार के 'सरकार-सन्नतकार मिलनी' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 14 सितंबर को जालंधर के उद्योगपतियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने सोमवार को बाठ कैसल में आयोजित होने जा रहे सरकार-सन्नतकार मिलनी कार्यक्रम के प्रबंधों को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को मेगा इवेंट के लिए फुलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा, जिसमें दोआबा क्षेत्र के औद्योगिक दिग्गज हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि जालंधर में 55000 से अधिक औद्योगिक इकाइयां हैं और यह 1200 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात के साथ भारत में मशीन और हाथ उपकरण उत्पादन में पहले स्थान पर हैं और भारतीय निर्यात बाजार में 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखता है। इसके अलावा, जालंधर दुनिया भर में अपने खेल के सामान के लिए जाना जाता है और कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आपूर्ति करता है। उन्होंने यह भी कहा कि जालंधर में एक मजबूत ऑटो और ऑटो कंपोनेंट उद्योग और 150 से अधिक ऑटो कंपोनेंट विनिर्माण इकाइयां और 15 मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) आपूर्तिकर्ता हैं। जालंधर में बेहद कुशल श्रमिकों के साथ सर्जिकल सामान और एक तेजी से बढ़ता खाद्य प्रसंस्करण उद्योग भी है। उपायुक्त ने उद्योगपतियों से इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह उपलब्ध है।

उन्होंने राज्य को देश में अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाने के लिए उनका पूरा समर्थन मांगा। उन्होंने कहा की कि यह सरकार-सन्नतकार मिलनी राज्य के समग्र औद्योगिक विकास के लिए एक लंबा रास्ता तय करेगी।

## रिलायंस रिटेल वेंचर्स में केके आर करेगी 2069 करोड़ का निवेश

एजेंसी

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में वैश्विक निवेश फर्म केकेआर 2,069.50 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।


कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह निवेश आरआरवीएल का प्री-मनी इक्विटी मूल्य 8.36 लाख करोड़ रुपये पर किया गया है जो इसे देश में इक्विटी मूल्य के हिसाब से शीर्ष चार कंपनियों में से एक बनाता है।

केकेआर का यह निवेश आरआरवीएल में 0.25 प्रतिशत की अतिरिक्त हिस्सेदारी में तब्दील हो जाएगा। यह, 2020 में आरआरवीएल में अपने 5,550 करोड़ रुपये के निवेश से अपनी हिस्सेदारी के साथ मिलकर, आरआरवीएल में इसकी कुल हिस्सेदारी 1.42 प्रतिशत हो जायेगी। 2020 में आरआरवीएल द्वारा विभिन्न वैश्विक निवेशकों से 47,265 करोड़ रुपये की कुल राशि जुटायी गयी थी। उस समय कंपनी का मूल्यांकन 4.21 लाख करोड़ रुपये की गयी थी।

आरआरवीएल, अपनी सहायक कंपनियों और सहयोगियों के माध्यम से देश में खुदरा व्यापार का संचालन करती है, जो किराना, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, फार्मा और जीवन शैली में 18,500 से अधिक स्टोर और डिजिटल वाणिज्य प्लेटफार्मों के एकीकृत ओमनी-चैनल नेटवर्क के साथ 26.7 करोड़ ग्राहकों को सेवा प्रदान करती है।

## पहले इस्तेमाल किया फर्जी नाम और अब कर रहा है फर्जी काम




**आखिर क्या है सच्चाई, जाने कौन कौन सा फर्जीवाड़ा किया, नाम, पता, स्थान एड्रेस के साथ-साथ कंपनी के लीगैलिटीज में भी किया गया बदलाव, आखिर क्या है इरादा इन सारी चीजों के बदलाव के, कम्पनी डायरेक्टर भी चुपचाप बदल दिए गए, आखिर क्या है इरादा इसके पीछे ?**

जयपुर। ट्रेंडमार्क और गलत तरीके से brand name की कहानी, जो न केवल व्यापारिक समुदाय में, बल्कि न्यायिक दुनिया में भी खूब हलचल पैदा किया , जयपुर की डायरेक्ट सेलिंग , नेटवर्क marketing कंपनी, तथाकथित हर्बल उत्पाद निर्माता कंपनी 'Alex World Class Products PVT LTD' को मिली हाई कोर्ट के फटकार के बाद, कंपनी ने चुपचाप Vedalex कर अपने नाम, पता, और स्थान एड्रेस में बदलाव किया। पहले इस्तेमाल किये गए फर्जी नाम के बाद अब उन्होंने फर्जी काम करने का आरोप भी सुनाया जा रहा है। इस घटना के पीछे छिपी है कौन-कौन सी बड़ी कूटनीतिक खेल की खबर ? क्या है इन सभी बदलावों के पीछे का राज ?

विवाद का कारण था ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का आरोप, जिन्होंने दावा किया कि एलेक्स नाम का उपयोग विशेष रूप से उनके व्यवसायिक उत्पादों के खिलाफ है। विवाद के पीछे कितने बड़े राजनीतिक खेल छिपे हैं, यह जानकारी अभी तक आमतौर पर छिपी हुई है।

बॉम्बे हाई कोर्ट के फटकार के बाद, उसने अपने नाम, पता और स्थान एड्रेस में बदलाव किया। इसके साथ ही कंपनी के लीगलिटीज में भी बदलाव किया गया है।

इन बदलावों के बारे में सबको जानने की उत्सुकता है, क्योंकि यह बड़े कूटनीतिक खेल की सूचना भी देने का संकेत कर सकता है। ख़ैर डायरेक्ट सेलिंग इंडिस्ट्री में बड़े बड़े स्कैम भी पहले आए है

इस मामले में कंपनी के डायरेक्टरों का चुपचाप बदलाव भी काफी चर्चा का कारण बना है। यहाँ तक कि इसके पीछे का असली उद्देश्य भी बहुत से लोगों के लिए एक रहस्य है।

यह सभी बदलाव देखकर एक तीव्र सवाल उठता है - क्या यह सब सिर्फ नाम की बदलाव है, या कुछ और है?

यह विवाद की गहराईयों में और भी रोशनी डालने के लिए हम सबको इंतेजार रहेगा।

# म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में अगस्त में 20,245 करोड़ रु. शुद्ध निवेश

नयी दिल्ली। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की सोमवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में शेयरों में निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजना में अगस्त,2023 में 20,245.26 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश आया जो इससे पिछले माह में इन योजनाओं में 7625 करोड़ रुपए के शुद्ध निवश की तुलना में भारी उछाल दर्शाता है।

बाजार का कहना है कि म्यूचुअल फंड में सिस्टमैटिक इवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश के प्रति लोगों का भरोसा बढ़रहा है। अगस्त,23 में 15,814 करोड़ रुपए का निवेश एसआईपी के जरिए आया। जुलाई में इस रास्ते से निवेश 15,243 करोड़ रुपए था।



एएमएफआई की तारा रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में छोटी और मझोली कंपनियों पर केंद्रित म्यूचुअल फंड निवेश योजनाओं के प्रति निवेशकों का रुझान तेज रहा ।

म्यूचुअल फंड्स के स्मॉल कैप मिड कैप स्कीमों में भी अगस्त में स्मॉल कैप वाली मुचुअल फंड योजनाओं में 4265 करोड़ रुपए का निवेश आया है जो जुलाई के 4171 करोड़ रुपए से अधिक है।

इस दौरान मिड कैप कोषों में 2512 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दिखा जबकि जुलाई में यह आंकड़ा 1623 करोड़ रुपए रहा था।

एसोएिसशन के रिणपत्रों / बांड में निवेश करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाओं से अगस्त में 25,872 करोड़ रुपए की निकासी हुई जबकि एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएऊ) से निवेशकों ने 1893 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की ।

अगस्त में नयी फंड योजनाओं के जरिए 7343 करोड़ रुपए का निवेश आया है जबकि जुलाई में एफएफओ में 6723 करोड़ रुपए आए थे।

मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने कहा कि एएमएफआई के अगस्त के इक्विटी फंडों में निवेश के आंकड़े दर्शाते हैं कि निवेशक जोखिम लेने को तैयार है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में अगस्त में पिछले पांच महीनों का सबसे अच्छा निवेश आया है। स्मॉल कैप फंडों ने उच्चतम शुद्ध प्रवाह के साथ चालू माह में सकारात्मक रुझान बढ़ाया, इसके बाद थीमैटिक/सेक्टोरल फंड और मल्टीकैप फंड रहे।

इसके विपरीत, लिक्विड फंडों से 26,824 करोड़ रुपये की निकासी हुई। दूसरी ओर, हाइब्रिड फंडों ने शुद्ध प्रवाह में बढ़ोतरी दर्ज की, जिसमें आर्बिट्रेज फंड और मल्टी-एसेट फंड ने इनमें से अधिकांश फंड को आकर्षित किया। कुल मिलाकर, बाजार में अब भी नई सर्वकालिक ऊंचाई के साथ तेजी का रुख बना हुआ है।

निवेशक एक आकर्षक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में इक्विटी की ओर आकर्षित रहते हैं।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने लॉन्च किया 'सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स'

नयी दिल्ली। जनरल इंश्योरेंस कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान आज लाँच करने की घोषणा की जिसका लक्ष्य ग्राहकों के लिए एक विस्तृत स्वास्थ्यरक्षा पॉलिसी की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करना है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पॉलिसी सुरक्षा की विस्तृत रेंज प्रदान करती है, जिनमें 27 सामान्य कवरेज और 7 वैकल्पिक कवरेज शामिल हैं। इस उत्पाद के तहत 4 प्लान्स हैं, जो 3 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक के बीमित राशि के विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करते हैं। ग्राहक इन योजनाओं की पॉलिसी के लिये एक से लेकर तीन साल तक की अवधि चुन सकते हैं। यह उत?पाद विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिये डिजाइन की गई है, जिनमें कम आय वालों से लेकर एनआरआई तक सभी आय वर्गों के लोग शामिल हैं।

कंपनी के पूर्ण-कालिक निदेशक आनंद पेजावर ने कहा, एसबीआई जनरल में हम अपने ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा के व्यापक समाधानों के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्यरक्षा सुलभ कराने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं। इस मिशन के अनुसार, हमने एक समर्पित हेल्थकेयर वर्टिकल बनाकर अपना फोकस बढ़ाया है, जो न सिर्फ विशिष्ट आवश्यकताओं पर आधारित उत्पाद पेश करता है, बल्कि इन-हाउस मॉडल से दावों पर काम भी करता है। इस बढ़े हुए फोकस के हिस्से के रूप में सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कवरेज और विशेषताओं से भरा है। इसके साथ हम रीइंश्योर बेनेफिट देने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका मतलब है बीमित राशि का पहले दावे से ही विभिन्न रूपों में असीमित बार के लिये रिफील करना।

## ग्रामीण क्षेत्रों में एफटीटीएच कनेक्शन के लिए आईएसपी को मान्यता देने की योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। ग्रामीण भारत में डिजिटल समावेश और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दूरसंचार विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) ब्रॉडबैंड कनेक्शन देने में प्रयासों के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को मान्यता देने की एक योजना शुरू की है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत, दूरसंचार विभाग ने श्रेणी ए, बी और सी में प्रत्येक के लिए तीन-तीन, कुल नौ आईएसपी को मान्यता देने का निर्णय लिया है, जिन्होंने एक वर्ष में ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शनों की अधिकतम संख्या में नये कनेक्शन प्रदान किए हैं। मान्यता के तहत एक प्रमाणपत्र दिया जाएगा और आईएसपी का नाम दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह मान्यता प्रतिवर्ष अप्रैल से मार्च तक के लिए दी जाएगी। पहली मान्यता 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 की अवधि के लिए होगी। प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम शुद्ध योग मानदंड इस प्रकार हैं : श्रेणी ए: इस श्रेणी में आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 50,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता है। श्रेणी बी: इस श्रेणी में आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 10,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता है।

श्रेणी सी: इस श्रेणी के आईएसपी को ग्रामीण एफटीटीएच कनेक्शन में न्यूनतम 2,000 शुद्ध योग हासिल करने की आवश्यकता होगी। यह पहल, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल पहुंच और कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा पूरे देश में सामाजिक-आर्थिक विकास और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.55 प्रतिशत गिरकर 87.03 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत उतरकर 90.39 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# शीमा इलैक्ट्रिक ने हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटरों की नयी रेंज

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी शीमा ई-व्हीकल एंड सोलर प्राइवेट लिमिटेड (एसईएस) ने अपने हाई स्पीड स्कूटरों इगल प्लस और टफ प्लस की नई रेंज लॉन्च की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नवीनतम बैटरी टैक्नोलॉजी से सुसज्जित ये स्कूटर बी2बी और बी2सी दोनों वर्ग के लिए उपयुक्त हैं। 2016 में लॉन्च शीमा इलेक्ट्रिक ऐसी पहली कंपनी थी जिसने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत् अपने लो-स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटरों का निर्माण किया। कंपनी लगातार अनुसंधान, नवोन्मेष और तकनीकी उत्कृष्टता के बलबूते उन्नत इलेक्ट्रिक स्कूटरों को उपलब्ध करा रही है। इसके सभी वाहनों का निर्माण कंपनी की मानेसर और ओडिशा स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाइयों में किया जाता है।



कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ योगेश कुमार लाठ ने कहा शीमा इलेक्ट्रिक लगातार ऊर्जा दक्षता, सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) और अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी पर ज़ोर देते हुए भारतीय मोबिलिटी के भविष्य को संवारने में जुटी है।

इस विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस के मौके पर, हमने हाई-स्पीड और मजबूत दोपहिया वाहनों की मांग को पूरा करने वाले उन्नत डिजाइन के दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटरों को पेश किया है।

हम देश को हरा-भरा बनाने के अपने सफर में अपने डीलरों, वितरकों और ग्राहकों से मिल रहे अपार सहयोग के लिए उनके आभारी हैं।

टफ प्लस मल्टी-यूटिलिटी ईवी लोडर है जिसकी क्षमता 150 किलोग्राम तथा अधिकतम स्पीड 60 किलोमीटर प्रतिघंटा है जबकि इगल प्लस पैसेंजर दोपहिया है जिसकी अधिकतम स्पीड 50 किलोमीटर प्रतिघंटा है। ये दोनों स्कूटर ब्लूटूथ स्पीकर, एंटी-थैफ्ट अलार्म, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट और सैंट्रल लॉकिंग सिस्टम जैसी अतिरिक्त एक्सेसरीज़ की सुविधा भी उपलब्ध कराते हैं। इगल प्लस में सन मोबिलिटी आईपी 67 वॉटरप्रूफ स्वॉपेबल बैटरी लगी है जिससे यह स्कूटर किफायती साबित होता है, खासतौर से लास्ट-माइल डिलीवरी के लिहाज़ से यह कम खर्चीला वाहन है। इन दोनों स्कूटरों को देशभर में शीमा के डीलर शोरूमों से खरीदा जा सकता है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 12 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बेंगलुरु बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर



बेंगलुरु। बेंगलुरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलुरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं। कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस योजना के तहत महिलाएं गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त बस यात्रा करती हैं, जिसका असर निजी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ा है। वे सरकार से योजना के कारण राजस्व घाटे की भरपाई करने की मांग कर रहे हैं। इस बीच हवाईअड्डा अधिकारियों और विस्तारा एयरलाइन ने यात्रियों को बंद के बीच हवाईअड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय देने की सलाह जारी की है। विस्तारा ज़ेड ने बताया कि 11 सितंबर को 'बेंगलुरु बंद' के कारण निजी परिवहन बाधित हो सकता है। बेंगलुरु से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय दें।

### चोटिल हारिस रउफ़ भारत के ख़िलाफ़ दूसरे दिन गेंदबाज़ी के लिए नहीं उतरे

कोलंबो। एशिया कप सुपर फ़ोर चरण मुकाबले में भारत के खिलाफ पहले दिन रविवार को पेट पर हल्की चोट लगने के कारण पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ हारिस रउफ़ सोमवार को रिजर्व डे में गेंदबाज़ी करने के लिये नहीं उतरे। हारिस की एमआरआई स्कैन कराई गई जिसकी रिपोर्ट सामान्य थी लेकिन सोमवार को भी दर्द महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ले एक बयान जारी कर कहा रऊफ़ की चोट कितनी गंभीर है यह स्पष्ट नहीं है। उन्हे एहतियातन एमआरआई के लिए ले जाया गया था, जिसमें परिणाम सामान्य हैं। वह टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। रउफ की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह और फ़हीम अशरफ़ के रूप में तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प के साथ मैच में उतरा। इसके अलावा फिरकी गेंदबाज शादाब ख़ान के साथ आगा सलमान और इफ़्तिख़ार अहमद पार्ट टाइम गेंदबाज़ के तौर पर मैदान पर रहे। पहले दिन रउफ़ ने कुल पांच ओवर की गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ 27 रन ख़र्च किए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की आतिशी ओपनिंग साझेदारी पर रउफ़ ने लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया था।

### दक्षिण अफीका के एनरिक नॉर्टजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर

जोहान्सबर्ग। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है जब उनके स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। वह बाद में दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सीय जांच की जरूरत होगी।, आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को जोहान्सबर्ग में स्कैन कराया जाएगा ताकि बीमारी की सीमा का पता लगाया जा सके। चोट के कारण वह 12 सितंबर को तीसरे वनडे में भाग नहीं ले पाएंगे। दक्षिण अफ्रीका की निगाह स्कैन के नतीजों पर होगी क्योंकि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और टूर्नामेंट में प्रोटियाज का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ 7 अक्टूबर को दिल्ली में होगा। दक्षिण अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और सीरीज को बरकरार रखने के लिए उसे अगला मैच जीतना होगा।

### कोलंबो में 13 हजारी का 'विराट' शो

कोलंबो। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2023 के सुपर फोर चरण के मुकाबले में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की पाकिस्तान के खिलाफ सोमवार को खेली गयी शतकीय पारी देश दुनिया के करोड़ो खेल प्रशंसकों के लिये आकर्षण का केंद्र बनी। विराट ने इस मैच में अपने वन डे करियर के 13 हजार रन पूरे किये और यह कारनामा करने वाले वह दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गये। उन्होने यह 13 हजार रन मात्र 278 मैचों की 267 पारियों में पूरे किये है। सचिन तेंदुलकर को 13 हजार रन बनाने के लिये 321 पारियां खेलनी पड़ी थी जबकि रिकी पोटिंग ने 341, कुमार संगकारा ने 363 और सनथ जयसूर्या ने 416 मैचों में 13 हजार रन बनाये थे। बड़े मैचों में बड़ी पारियां खेलने के लिये विख्यात भारत के इस धुरंधर बल्लेबाज ने वन डे करियर का 47 वां शतक भी पूरा कर लिया है। उन्होने शाहीन शाह अफरीदी की गेंद पर एक रन चुरा कर यह कारनामा कर दिखाया। वह अब अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतकों के विश्व रिकार्ड से मात्र दो शतक दूर हैं। इसके साथ ही विराट ने एशिया कप में अब तक चार शतक पूरे कर लिये है और अब उनसे आगे सिर्फ सनथ जयसूर्या के छह शतकों के रिकार्ड से दो कदम की दूरी पर हैं।

### ब्राजील: चक्रवात से 44 लोगों की मौत

साओ पाउलो। दक्षिणी ब्राजील में पिछले हफ्ते आए एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात के बाद कुल 44 लोगों की मौत हो गयी और 46 अन्य लापता हो गए। नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को यह जानकारी दी। चक्रवात के कारण अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के लगभग 60 शहरों और पड़ोसी राज्य सांता कैटरीना के कुछ क्षेत्रों में सोमवार से मूसलाधार बारिश, बाढ़, 110 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की हवाएं चली और भूस्खलन शुरू हो गया। एजेंसी ने कहा कि एक को छोड़कर सभी मौतें रियो ग्रांडे डो सुल में हुईं, जहां 224 लोग घायल हो गए और 14,000 से अधिक लोगों को निकाला गया। सबसे बुरी तरह प्रभावित शहर म्यूकम है जहां 16 लोगों की मौत हुई और रोका सेल्स में 10 लोगों की मौत हुई। ब्राज़ील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो एल्कमिन ने शुक्रवार को चक्रवात से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को लगभग 160 अमेरिकी डॉलर का मुआवजा देने की सरकार की योजना की घोषणा करने के बाद रविवार को इस क्षेत्र का दौरा किया। राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा ने भारत से बोलते हुए चरम मौसम की घटना को जलवायु परिवर्तन के परिणामों से निपटने के लिए आवश्यक पर्यावरणीय एजेंडे से जोड़ा। श्री सिल्वा भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हुए थे।

### सूडान: हमले में 12 से अधिक लोगों की मौत

खार्तूम। सूडान की राजधानी खार्तूम के एक भीड़भाड़ वाले बाजार में रविवार को विस्फोटक हथियारों से किए गए हमले में कम से कम 35 लोग मारे गए हैं। मेडेसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स ने इसे नरसंहार बताते हुए कहा कि हमले में 60 से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रविवार को एक सैन्य विमान ने दक्षिणी खार्तूम के क्यूरो बाजार पर बमबारी की। उल्लेखनीय है कि यहां प्रतिद्वंद्वी सैन्य गुट अप्रैल से ही संघर्षरत है। एमएसएफ की आपातकालीन समन्वयक मैरी बर्टन ने रविवार को कहा कि खार्तूम लगभग छह महीने से युद्ध में है। उन्होंने सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा, लेकिन फिर भी, बशीर अस्पताल के स्वयंसेवक और चिकित्सा कर्मी रविवार को शहर में आई भयावहता से स्तब्ध और अचंभित हैं। एमएसएफ ने कहा कि विस्फोटक हथियार बाजार में आ गए हैं और अकल्पनीय पीड़ा और जानमाल के नुकसान के एक और दिन में हवाई हमले और गोलाबारी जारी रही।

# यूएस ओपन : जोकोविच ने जीता ऐतिहासिक 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब

न्यूयॉर्क। नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया है। न्यूयॉर्क में खेले गए फाइनल में जोकोविच ने डेनियल मेदवेदेव को हराकर 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। कड़े मुकाबले में सर्बिया के 36 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने 6-3, 7-6 (7-5), 6-3 से जीत हासिल की।

जोकोविच ने पहला सेट 6-3 से आसानी से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में जोकोविच और मेदवेदेव के बीच जमकर संघर्ष हुआ, जो एक घंटे और 44 मिनट तक चला। जोकोविच ने 7-6 (7-5) से यह सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में जोकोविच ने 6-



3 से जीत दर्ज कर मेदवेदेव को पटखनी दी।

#### जोकोविच के नाम चौथा यूएस ओपन खिताब

दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच दूसरे सेट में थोड़ा परेशान दिखे, लेकिन उन्होंने चौथा यूएस ओपन खिताब जीतने के लिए अपनी महानता का परिचय दिया। जोकोविच ने इस साल की शुरुआत में राफेल नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। जोकोविच को जुलाई में विंबलडन फाइनल हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, वह 2023 में चार ग्रैंड स्लैम खिताब में से तीन अपने नाम कर चुके हैं। जोकोविच अब तक 36 बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल चुके हैं और 24 खिताब अपने नाम किए। वह 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन और सात बार विबंलडन चैंपियन रह चुके हैं। तीन बार फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीत चुके हैं।

#### शेल्टन को हराकर फाइनल में पहुंचे थे जोकोविच

जोकोविच ने सेमीफाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को लगातार सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से हराया था और सातवीं बार यूएस ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। शेल्टन के खिलाफ मैच उनका इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 100वां मैच भी था। जोकोविच ने पिछली बार 2018 में यूएस ओपन टाइटल जीता था। इस टूर्नामेंट के बाद जोकोविच फिर से वर्ल्ड नंबर वन बन जाएंगे। जोकोविच तीसरी बार एक ही साल में सभी चार मेजर टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे।

## एशियाई खेलों में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच होंगे लक्ष्मण

**मुबंई।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण एशियाई खेलों में भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच नियुक्त किये गये है जबकि ऋषिकेश कानितकर को महिला क्रिकेट टीम के कोच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय क्रिकेट टीमों के सपोर्ट स्टाफ़ की घोषणा सोमवार को की गई। भारत की पुरूष और महिला दोनों टीमें सीधे क्वॉर्टर फ़ाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय पुरूष टीम का पहला मुक़ाबला तीन अक्तूबर को होगा, वहीं सेमीफ़ाइनल में पहुंचने पर पांच अक्तूबर को भारत का मैच होगा। पुरूष टीम का फ़ाइनल सात अक्तूबर को होगा।

महिला टीम 21 सितंबर को क्वार्टर फ़ाइनल और 23 सितंबर को सेमीफ़ाइनल मुक़ाबला खेलेगी। महिला फ़ाइनल 25 सितंबर को होगा। नेशनल क्रिकेट एकेडमी के प्रमुख लक्ष्मण भारतीय टीम के प्रमुख कोच राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में कई बार प्रमुख कोच बन चुके हैं। हाल ही में उन्होंने भारतीय टीम के साथ आयरलैंड का दौरा किया था। उनके साथ साईराज बहुतुले गेंदबाज़ी कोच और मुनीष बाली फ़ील्डिंग कोच होंगे। महिला टीम के लिए राजीब दत्ता गेंदबाज़ी कोच और शुभदीप घोष फ़ील्डिंग कोच होंगे। कानितकर इससे पहले भी महिला टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। वह इस साल हुए टी20 विश्व कप के दौरान टीम के कोच थे। महिला टीम दिसंबर 2022 से ही एक स्थायी कोच के अभाव में है और अभी भी नियुक्ति होना बाक़ी है।

## शाहीन बनाम कोहली के बीच होगी दिलचस्प जंग : कैफ

एजेंसी

**कोलंबो।** भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और अब टीवी कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे मोहम्मद कैफ का मानना है कि एशिया कप 2023 में पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दोनो टीमों की जीत हार में निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

फॉलो द ब्लूज़ लाइव पर स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए कैफ ने कहा कि जब कोहली पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरते हैं, तो उनका प्रदर्शन बहुत कुछ कहता है।

उन्होंने कहा, चुनौतियों पर काबू पाना विराट के सर्वोत्तम गुणों में से एक है। यह उनकी आदत बन गई है। यह एक बड़ा मैच है और पाकिस्तान के खिलाफ उनका रिकॉर्ड बहुत अच्छा है। जब भी वह पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं, तो उनका बल्ला बोलता है और लोगों को उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होने कहा शाहीन अपनी इनस्विंग गेंदबाजी करते हुए गेंद को अंदर लाना जारी रखेंगे। उनका गेम प्लान बहुत सरल है, गेंद को तेजी से अंदर लाओ। बल्लेबाज जो भी करना चाहता है उसे करने दो। गेंद को अंदर लाओ, पैड पर मारो और स्टंप पर मारो। इसलिए विराट कोहली को उस फॉर्म में देखना रोमांचक होगा जिसमें वह उनसे मुकाबला करेंगे। यह गेम का सबसे महत्वपूर्ण मैचअप है। विराट को जो चीज खास बनाती है वह है बड़े मैचों में खेलने की उनकी क्षमता और वह बैकफुट पर नहीं खेलेंगे।

## न्यूज़ीलैंड ने विश्व कप के लिये किया टीम का ऐलान

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए सोमवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। ऑकलैंड के लेग स्पिनर ईश सोढ़ी को टीम में जगह मिली है जबकि आईपीएल के दौरान चोटिल 30 वर्षीय कप्तान केन विलियमसन के अलावा तेज गेंदबाज टिम साउदी को विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। साउदी और केन का यह चौथा विश्वकप होगा।

सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन करने वाले मार्क चैपमैन ने विश्वकप के लिये चयनित टीम में जगह बनायी है वहीं इंग्लैंड के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 23 वर्षीय स्पिन-गेंदबाज और ऑलराउंडर रचिन




रवींद्र भी टीम में शामिल किये गये हैं। टॉम लैथम बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टीम मे चुने गये हं।

न्यूजीलैंड के इंग्लैंड दौरे पर हाल ही में हैमस्ट्रिंग की चोट खाये एडम मिल्ने टीम से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि अंतिम टीम का चयन करते समय उन्हें कुछ कठिन फैसलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका मानना है कि भारत में ले जाने के लिए उनके पास युवा और अनुभव का सही मिश्रण है।

स्टीड ने कहा मैं आज चुने गए 15 खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक बड़ा सम्मान है। अनुभवी केन और टिम से लेकर पहली बार चुने गए खिलाड़ियों तक का समय हमेशा बहुत रोमांचक होता है।

न्यूजीलैंड पांच अक्टूबर को विश्व कप के शुरुआती मैच में 2019 फाइनल के रीमैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी। टीम इस प्रकार है-केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल युवा।

# चीनी रक्षा मंत्री के लापता होने की आशंका

## 29 अगस्त को आखिरी बार दिखे; विदेश मंत्री भी गायब होने के बाद पद से हटाए गए थे

चीन में विदेश मंत्री के बाद अब रक्षा मंत्री ली शांगफू के भी गायब होने की रिपोर्ट्स हैं। जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने चीन में बढ़ते राजनीतिक उलटफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि पिछले दो सप्ताह से चीन के रक्षा मंत्री नहीं देखे गए हैं। इससे पहले चीन की सेना के रॉकेट फोर्स के जनरल भी गायब हो गए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चीनी रक्षामंत्री ली शांगफू को 29 अगस्त 2023 के बाद से ही नहीं देखा गया है। उन पर 2017 में हुए भ्रष्टाचार के मामले में जांच चल रही थी। उन्होंने आखिरी बार चीन-अफ्रीका शांति और सुरक्षा फोरम को संबोधित किया था। इससे पहले वो सिक्योरिटी फोरम में शामिल होने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान शांगफू ने चीन को घेरने के लिए ताइवान के इस्तेमाल करने पर अमेरिका पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका



ऐसा कर आग से खेलने का काम कर रहा है।

#### शी जिनपिंग ने सेना में एकता रखने को कहा

चीन के रक्षा मंत्री जिस दिन से गायब हैं, उसी समय चीन के राष्?ट्रपति शी जिनपिंग ने देश की सेना में एकता रखने और स्थिर रहने की बात कही है। यही नहीं उन्होंने सेना को जंग के लिए तैयार रहने को भी कहा है। चीनी मंत्री ली को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

चीनी रक्षा ली एक सैन्य परिवार से आते हैं। ली के पिता, ली शाओजू, एक रेड आर्मी के अफसर रह चुके थे। उन्होंने 1930 और 1940 के दशक के अंत में जापान के खिलाफ जंग लड़ी थी। उन्हें गृहयुद्ध और उसके बाद हुए कोरियाई युद्ध के दौरान लॉजिस्टिक रेलवे के पुनर्निर्माण में अहम भूमिका के लिए भी जाना जाता था। ली को बाद में 1950 से 1970 के दशक तक तिब्बत और युन्नान के सीमावर्ती क्षेत्रों में PLA यानी पीपल्स लिबरेशन आर्मी का रणनीतिक रेलवे बल का प्रभारी बनाया गया।

इससे पहले चीन के विदेश मंत्री क्विन गेंग भी लापता हो चुके हैं। 4 जुलाई को यूरोपीय यूनियन के फॉरेन पॉलिसी चीफ जोसेफ बोरेल से मिलना था, लेकिन ये मीटिंग अचानक आगे खिसका दी गई। बोरेल को दो दिन पहले इसकी जानकारी दी गई। इसमें मीटिंग आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया गया।7 जुलाई को पहली बार पत्रकारों ने चीनी विदेश मंत्री गेंग के बारे पूछा। चीनी विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया- हमें कोई जानकारी नहीं है। 10 और 11 जुलाई को गेंग को इंडोनेशिया में एक समिट में हिस्सा लेना था। कहा गया- तबीयत खराब होने की वजह से गेंग नहीं जा पाएंगे। इसकी ट्रांसस्क्रिप्ट चीनी विदेश मंत्रालय के ऑफिशियल वेबसाइट पर छपी। इसमें तबीयत वाला हिस्सा गायब था। चीन के विदेश मंत्री गेंग अंतिम बार 25 जून को रूसी, श्रीलंका और वियतनामी अधिकारियों के साथ एक बैठक में देखे गए थे। इसके बाद से सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं दिखे थे।

अमेरिकी नागरिक और कैंब्रिज से पढ़ी रिपोर्टर और टीवी एंकर फू जियोतियान के साथ अफेयर की अफवाहों के बीच गेंग के लापता होने की खबरें सामने आई थीं। क्विन गेंग की गैरमौजूदगी की चर्चा चीन के सोशल मीडिया वीबो के साथ चीन के सबसे बड़े सर्च इंजन बाइडू पर भी हुई थी।

## भारत की राजकीय यात्रा पर सऊदी क्राउन प्रिंस

### 100 बिजनेसमैन, 7 मंत्रियों का डेलीगेशन साथ लाए

जी20 समिट के लिए नई दिल्ली आए सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान आज भारत की स्टेट विजिट पर हैं। वो 100 बिजनेसमैन और 7 मंत्रियों के डेलिगेशन के साथ भारत आए हैं। राष्ट्रपति भवन में उन्हें सेरेमोनियल वेलकम दिया गया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत की।

पीएम मोदी ने कहा भारत के लिए सऊदी अरब अहम रणनीतिक साझेदार है। हम दुनिया की 2 तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं। शांति और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग होना बहुत जरूरी है। हम अपनी साझेदारी को नए मुकाम पर ले जाने के लिए कई पहल कर रहे हैं। वहीं, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान ने कहा- हमारे संबंधों में कभी कोई विवाद का मुद्दा नहीं रहा है। सऊदी अरब के आर्थिक



विकास में भारत के लोग अहम भूमिका निभाते हैं।

दोनों देशों के बीच कई मैमोरैंडम साइन किए गए। मोहम्मद बिन सलमान की ये दूसरी स्टेट विजिट है। क्राउन प्रिंस के वेलकम के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद बिन सलमान के साथ आए डेलिगेशन से मुलाकात की।

इससे पहले क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान 2019 में भी भारत की स्टेट विजिट की थी।

तब दोनों देशों ने स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप काउंसिल बनाई थी। आज की बैठक में इसी काउंसिल के कामों को लेकर चर्चा की गई। दोनों देशों में राजनीति, सिक्योरिटी, डिफेंस, ट्रेड और अर्थव्यवस्था के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इसी साल फरवरी में इंडियन एयरफोर्स के विमानों ने पहली बार सऊदी अरब की धरती पर लैंड किया था। दोनों देशों के बीच साल 2022-23 में 52.75 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। भारत सऊदी का दूसरा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। सऊदी में 20 लाख से ज्यादा भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं।

### सूडानी सेना का खार्तूम बाजार में नागरिकों की हत्या से इनकार

**खार्तूम।** सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) ने रविवार को राजधानी खार्तूम के दक्षिण में एक बाजार में 40 नागरिकों की हत्या की जिम्मेदारी से इनकार किया। दक्षिण खार्तूम की प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा कि खार्तूम के दक्षिण में मेयो क्षेत्र के एक बाजार पर एसएएफ युद्धक विमानों के हवाई हमले में 40 नागरिक मारे गए। समिति ने बड़ी संख्या में घायलों और कपड़ों से ढकी लाशों को दिखाने वाली तस्वीरें भी प्रकाशित कीं। अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने भी उसी दिन एसएएफ पर मेयो क्षेत्र में नागरिक इलाकों पर गोलाबारी करने का आरोप लगाया। आरएसएफ ने एक बयान में कहा कि एसएएफ ने आज सुबह मेयो पड़ोस के निवासियों पर हवाई बमबारी की। हमले में घायल हुए लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बंगलादेश ,फ्रांस ने दो समझौतों पर किये हस्ताक्षर

ढाका। बंगलादेश और फ्रांस ने बुनियादी ढांचे और उपग्रह सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बंगलादेश (यूएनबी) की रिपोर्ट के अनुसार ढाका में बंगलादेशी प्रधान मंत्री शेख हसीना और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉं की उपस्थिति में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में बंगलादेश के आर्थिक संबंध प्रभाग और फ्रांस विकास एजेंसी के बीच शहरी प्रशासन तथा बुनियादी ढांचे कार्यक्रम में सुधार पर एक क्रेडिट सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा बंगबंधु-2 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट सिस्टम से संबंधित बंगलादेश सैटेलाइट कंपनी लिमिटेड और फ्रांस के एयरबस डिफेंस एंड स्पेस एसएएस के बीच सहयोग के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले, हसीना और मैक्रॉं ने दोनों देशों के बीच सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाशने के लिए बातचीत की।

### रूस में किशोर ने चार वयस्कों को किया घायल

मास्को। रूस के दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र में स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करने के दौरान एक किशोर (15) ने चाकू से चार वयस्कों को घायल कर दिया। गवर्नर वासिली गोलुबेव ने सोमवार को यह जानकारी दी। गोलूबेव ने टेलीग्राम पर लिखा,स्थानीय समयानुसार सोमवार तड़के 07: 50 बजे नेक्लिनोव्स्की जिले के क्रास्नी डेसेंट गांव के स्कूल में प्रवेश करने का प्रयास करते समय चाकू से लैस और चेहरे को नकाब से ढके एक किशोर ने चार वयस्कों को घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों ने किशोर को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि हमलावर उसी स्कूल की नौवीं कक्षा का छात्र है। वह मानसिक बीमारी से पीड़ित है। गवर्नर ने कहा, घटना के बाद विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया।

### कोरिया में थर्मल पावर प्लांट विस्फोट में एक की मौत, तीन घायल

सोल। दक्षिण कोरिया में एक थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर पाइप फटने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। योनहाप समाचार एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजधानी सोल से लगभग 170 किमी दक्षिणी क्षेत्र सियोचोन काउंटी में स्थानीयसमयानुसार रविवार देर रात करीब 01: 54 बजे बिजली संयंत्र की मुख्य इमारत की पांचवीं मंजिल पर बॉयलर रूम में पाइप फट गया। उच्च दबाव वाली भाप के रिसाव से एक कर्मचारी (50) को दिल का दौरा पड़ गया जबकि तीन लोग झुलसकर घायल हो गए। सभी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने हृद्याघात व्यक्ति को मृत्यु घोषित कर दिया। गौरतलब है कि दुर्घटना बॉयलर वाल्व की जांच के दौरान हुई। पुलिस और अग्निशमन अधिकारी दुर्घटना के सटीक कारण की जांच कर रहे हैं।

### भूकंप आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर ढाई हजार के करीब

रबात। मोरक्को में शुक्रवार की रात आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हो गयी है, जबकि 2476 अन्य घायल हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से हेसप्रेस समाचारपत्र ने यह जानकारी दी। इससे की पहले रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या 2122 और घायलों की संख्या 2421 बताई गई थी। इसको लेकर मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर बैठक बुलाई और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इज़राइल, फ्रांस, जापान और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायालय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### विद्यार्थी परिषद ने मान्यता विहीन विद्यालयों पर अंकुश लगाने की मांग मुखर की



**घोरावल ( सोनभद्र )।** मान्यता विहीन एवं अयोग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षा पद्धति परम्परा पर पूर्ण नियंत्रण की मांग की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने और इस विरोध में पुतला दहन भी किया गया नगर मार्ग पर। शिक्षा पअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद घोरावल नगर के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मां वैष्णो शिक्षा निकेतन स्कूल मझिगवां घोरावल में अयोग्य शिक्षकों के द्वारा शिक्षण कार्य व गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित व छात्रों से मनमानी फ़ीस वसूली व शिक्षा का व्यवसायी करण बन्द हो इस मुद्दे को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिए और घोरावल के कोहरथा मोड़ पर विद्यालय प्रबन्धक का पुतला फूंक कर विरोध जताया। अभाविप विभाग संयोजक शशांक मिश्रा ने कहा कि यदि जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्यवाही नहीं करते तो विद्यार्थी परिषद जिला भर में आन्दोलन करेंगे ।इस अवसर पर प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री अनिल ,विभाग संयोजक शशांक मिश्रा , जिला संयोजक मृगांक दुबे , जिला सह संयोजक मनमोहन , घोरावल तहसील संयोजक ललितेश मिश्र %निशांत %, तहसील प्रमुख विजय मौर्य, नगर मंत्री रणजीत पटेल, राहुल, आशुतोष मोदनवाल, स्वयं मोदनवाल, लकी पाठक, स्वर शास्त्री, अलमास, राज, ऋषि, अनिल यादव व दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 128वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**आचार्य विनोबा भावे का व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमारी युवा पीढी को प्रेरणा देने वाला है : दयानंद वत्स**



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में भूदान आंदोलन के प्रणेता भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 128वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन चलाकर हजारों भूमिहीनों को सम्मान पूर्वक जीने का अधिकार दिया। वे सच्चे अर्थों में एक महामानव थे। उनके दिल में गरीबों के उत्थान की लौ जलती थी। आचार्य विनोबा भावे ने आजीवन समानता, समरसता के लिए काम किया। वे महात्मा गांधी के युग में रहकर दूसरे गांधी कहलाए। ऐसे युगपुरुष, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोबा भावे का व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमारी भावी युवा पीढी को प्रेरणा देने वाला है।

### फर्रुखाबाद में मनचले से दोस्ती गांठने वाले दो पुलिस सब इंस्पेक्टर निलंबित

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में छेड़खानी के आरोपी के साथ दावत खाने के मामले में दो पुलिस सब इंस्पेक्टरो को निलंबित कर दिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मोहम्मदाबाद कोतवाली की पखना पुलिस चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रमाशंकर पांचाल तथा मेरापुर थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर लव कुमार ने पखना चौकी में शनिवार को छेड़खानी के आरोपी दिलीप यादव के साथ दावत खाई। पुलिस ने मेरापुर थाना में छेड़खानी के मामले में ग्राम रूपनगर निवासी दिलीप यादव के विरुद्ध छह सितंबर को मुकदमा दर्ज किया था। दावत खाने के बाद छेड़खानी के आरोपी दिलीप यादव ने अपने साथी रोहित के साथ दोस्ताने में पखना पुलिस चौकी ईचार्ज रमाशंकर पांचाल की कार मांगी और तेज रफ्तार कार पखना चौराहा मोड पर एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कार चालक एक मुकदमे के आरोपी अभियुक्त दिलीप यादव की मौत हो गई जबकि उसका साथी रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने इस घटना को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए रविवार देर रात्रि में मोहम्मदाबाद कोतवाली की पखना पुलिस चौकी इंचार्ज रमाशंकर पांचाल तथा मेरापुर थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर लवकुमार को निलंबित कर दिया।

### हमीरपुर में पत्नी की गला दबाकर हत्या

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के राठ क्षेत्र में सोमवार को अपने ऊपर तांत्रिक विद्या का जादू कराने के शक में एक सिरफिरे ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि राठ कस्बा निवासी हरिश्चंद्र अनुरागी शराब पीकर पत्नी व बच्चों के साथ रोजाना मारपीट करता था जिससे पूरा परिवार उसके तंग आ गया था। इसी के चलते पत्नी संगीता (35) अपने पिता के पास दिल्ली चली गयी थी। नौ सितम्बर को उसने अपनी पत्नी को दिल्ली से जिद कर बुला लिया और सोमवार को उसके साथ जमकर मारपीट की और गला दबाकर हत्या कर दी। दोपहर में पुत्र घर लौटा और मां को देखकर चीख पड़ा। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुची। मृतका के पुत्र ने बताया कि उसके मां की हत्या करने में उसकी दादी का भी हाथ है। पिता और दादी को मां पर शक था कि उसने पिता पर तांत्रिक विद्या का जादू करा दिया है। इसी शक के चलते पिता ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक( एएसपी) मायाराम वर्मा व सीओ राठ मौके पर डाग स्कावायड ले जाकर मामले की छानबीन की है। हत्यारोपी फरार बताया जाता है।

### दुष्कर्म के तीन आरोपियों को 20 वर्ष की कैद

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले की एक विशेष अदालत ने किशोरी के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सोमवार को तीनों आरोपितों को 20-20 वर्ष का कारावास और 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि नौ अगस्त 2015 को दोपहर 12 बजे खेत की रखवाली कर रही एक किशोरी को थाना बिंवार के चिकसोना गांव निवासी छिद्दू , पारस व प्रेमनारायण उठाकर मौदहा ले गए और वहां पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ पाक्सो एक्ट और सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया। मामले की सुनवाई करते हुए सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह ने तीनों को दोषी मानते हुए 20-20 वर्ष का कारावास व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतने की सजा सुनाई है। वहीं अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के भी आदेश दिए हैं।

### कन्नौज में नाले में मिले मां-बेटी के शव

कन्नौज। उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के तिर्वा क्षेत्र में सोमवार सुबह एक नाले से विवाहिता और उसकी दुहमुही पुत्री के शव मिलने से सनसनी फैल गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तिर्वा कस्बे में आज सुबह इलाहाबाद बैंक के पास मां-बेटी का शव नाले में दिखायी देने पर क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शव की शिनाख्त तिर्वा निवासी प्रांशुल गौतम की पत्नी सुरभि और उसकी तीन महीने की बच्ची के तौर पर की गयी। उन्होने बताया कि मृतका के परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि सुरभि की शादी 2018 में तिर्वा के रहने वाले प्रांशुल गौतम के साथ हुई थी। शादी के दौरान दहेज का सामान, बोलेरो गाड़ी और 25 लाख रुपये दिए गए थे। इसके बावजूद ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और सुरभि को प्रताड़ित करते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घोसी सीट जीतकर न इतराए सपा, 2024 में सभी 80 सीटें जीतेगी भाजपा : स्वाती सिंह

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि घोसी की सीट पहले समाजवादी पार्टी की थी। हम उस पर कमल खिलाने में कामयाब नहीं हो पाये। इससे समाजवादी पार्टी को बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में कमल ही खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरे विश्व में है। यहां विपक्ष में उनकी लोकप्रियता के आगे कोई दूर-दूर तक नहीं टिकता।



समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा बार-बार घोसी के उपचुनाव के नतीजों को लेकर आ रहे बयानों स्वाती सिंह ने कहा कि यदि उपचुनाव में भाजपा जीतती तो समाजवादी पार्टी इवीएम पर दोष मढती। जब वह जीत दर्ज कर ली है तो जनता ने उसे बहुमत दिया है। हकीकत तो यह है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष का पत्ता उप्र से साफ हो जाएगा। यहां सभी 80 सीटों पर भाजपा का कमल खिलने वाला है। इसको लेकर विपक्ष की घबराहट अभी से दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ जातिगत गणित भिड़ाने में लगा रहता है, जबकि भाजपा, सबका साथ, सबका विकास का नारा लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा कभी किसी विशेष वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम करती है। यही कारण है कि सऊदी अरब के प्रिंस भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीवाने हैं। जी-20 की सफलता को देखकर पूरा विश्व आश्चर्य चकित है। सभी सदस्य देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। स्वाती सिंह ने कहा कि यह कितनी बड़ी विडंबना है कि एक तरफ शशि थरूर जी-20 के बैठक की प्रशंसा कर रहे हैं तो वहीं कांग्रेस के युवराज विदेश में जाकर भारत की छवि धूमिल करने में लगे हुए हैं। यह साबित करता है कि विपक्ष के कांग्रेस मुखिया को देश से प्रेम नहीं है। उसे सिर्फ कुर्सी की लालच है। कुर्सी की लालच में वह चीन और पाकिस्तान से भी हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ सकते हैं। इस बात को जनता भी भली-भांति जान चुकी है।

## मालदीव के राष्ट्रपति-चुनाव के पर्यवेक्षण के लिए भारत का तीन सदस्यीय दल माले में

नयी दिल्ली। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव पर निगरानी के लिए विदेशी पर्यवेक्षक के तौर पर भारत के निर्वाचन आयोग का तीन सदस्यों का एक दल माले गया हुआ है। इसका नेतृत्व निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल कर रहे हैं। यह दल मालदीव के निर्वाचन आयोग के न्योते पर वहां गया है। मालदीव में राष्ट्रपति का चुनाव जनता सीधे करती है। भारत के निर्वाचन आयोग की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय दल ने माले और उसके आसपास 22 मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने वहां मतदाताओं की पहचान, रजिस्ट्रेशन और मतदान प्रक्रिया और मतदाता बूथ की व्यवस्था आदि के विषय में जानकारी ली है। इस तीन सदस्यीय पर्यवेक्षक दल में उप आयुक्त अजय भादू और आयोग के प्रधान सचिव प्रमोद शर्मा भी शामिल हैं। मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को पहले चरण का मतदान कराया गया । चुनाव में आठ उम्मीदवार है। अंतिम चरण का मतदान 30 सितंबर जो होगा जिसमें पहले चरण में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले शीर्षस्थ दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। अंतिमत दौर का विजेता पांच वर्षों के लिए राष्ट्रपति का पद संभालेगा। वहां के कानून के तहत विजेता को पचास प्रतिशत से ज्यादा मत मिलने चाहिए। मालदीव के चुनाव के पर्यवेक्षण कार्यक्रम में भारत के अलावा अन्य देशों और संगठनों के अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। पहले चरण के मतदान में मतों की गिनती नौ सितंबर को ही की गयी जिसमें किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से अधिक मत नहीं मिला।

**स्पाइसजेट अध्यक्ष अजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी**

## कर्ज चुका दें वरना तिहाड़ जेल जाने को रहे तैयार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह को 22 सितंबर तक क्रेडिट सुइस को 500,000 डॉलर के साथ-साथ डिफॉल्ट राशि के एक मिलियन डॉलर का भुगतान करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कर्ज नहीं चुकाने पर वह तिहाड़ जेल जाने के लिए तैयार रहे।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने क्रेडिट सुइस और स्पाइसजेट के बीच 2015 से लगभग 24 मिलियन डॉलर के बकाए को लेकर चल रहे कानूनी विवाद की सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

पीठ ने चेतावनी दी कि यदि उसके आदेश पर निर्धारित तिथि तक अमल नहीं किया गया तो अजय सिंह को तिहाड़ जेल भेजा जा सकता है।

शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को करेगी।

शीर्ष अदालत ने सिंह को मामले की हर सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित रहने को भी निर्देश दिया।

## घोसी उपचुनाव परिणाम से ओम प्रकाश राजभर के राजनीतिक कॅरियर पर भी पड़ेगा असर

**लखनऊ।** मंत्रियों का घर-घर दौरा, कई मंत्रियों का वहीं पर डेरा डालना, मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के बावजूद समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह की बम्पर जीत हो जाना, सभी भाजपा के दिग्गजों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। दारा सिंह चौहान की हार भाजपा को पहले भी दिख रहा था, जिसके कारण भाजपा ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। इसके बावजूद वह जीत में तब्दील करना तो दूर वोटों के अंतर को भी कम नहीं कर सकी। इससे एक तरफ समाजवादी पार्टी आगे भी इसी रणनीति पर चलने का विचार कर रही



है, वहीं भाजपा अपने रणनीति की समीक्षा करने में जुट गयी है।

इस उपचुनाव में ओम प्रकाश राजभर के राजनैतिक कॅरियर को भी धक्का लगा है। उन्होंने भी वहां जाकर दारा सिंह चौहान को जीताने के लिए डेरा डाल रखा था लेकिन उसका भी कोई असर देखने को नहीं मिला। अपनी बिरादरी पर मजबूत पकड़ रखने वाले ओम प्रकाश राजभर को अपनी बिरादरी के लोगों का साथ अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिला। इससे ओम प्रकाश राजभर बड़े दलों पर अब अपना दबाव पहले जैसा नहीं बना पाएंगे।

स्थिति यह है कि यह जीत घोसी में अब तक के किसी भी उम्मीदवार से ज्यादा मतों के अंतर से हुई है। सुधाकर सिंह जहां 42,759 मतों के अंतर से जीते हैं। दारा सिंह पिछली बार सपा से 22,216 मतों के अंतर से भाजपा उम्मीदवार से जीते थे। हालांकि दारा सिंह चौहान की स्थिति वहां पहले से ही खराब थी।

उधर घोसी में सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की रही कि दारा सिंह चौहान किसी दल के नहीं हैं। ये सिर्फ अपना उल्लू सीधा करने के लिए दल बदलते रहते हैं। इस बात को समाजवादी पार्टी हर मतदाता को समझाने में सफल रही। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी दिखी। आखिर कार्यकर्ताओं की जमीर आज भी जिंदा है और वे किसी पार्टी के साथ विचारधारा के कारण जुड़े हैं। उन्हें यह हजम नहीं हो पा रहा था कि जिस नेता के खिलाफ अभी डेढ़ साल पहले प्रचार किया, उसके साथ अब कैसे प्रचार करें।

## मंगलमय इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नोलॉजी में बीएबीएड और बीकॉम के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आगाज

नॉलेज पार्क स्थित मंगलमय संस्थान के प्रांगण में बीएबीएड और बीकॉम के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय (11 सितंबर से 12 सितंबर) तक उड़ान ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के अध्यक्ष श्री अतुल मंगल; उपाध्यक्ष श्री आयुष मंगलय; कार्यकारी निर्देशिका सुश्री प्रेरणा मंगलय; डॉ.गीति शर्मा निदेशक, श्री अमित श्रीवास्तव, निदेशक, एडमिशन एवं मार्केटिंग,एमजीआई, डॉ. प्रमोद मधेशिया, प्रधानाचार्य, स्कूल ऑफ एजुकेशन, डॉ.मीनाक्षी शर्मा,सहायक संकायाध्यक्ष, प्रबंधन संकाय; डॉ.भावना जोशी, विभागाध्यक्ष स्कूल ऑफ एजुकेशन और आमंत्रित अतिथि में प्रो.विजय जैसवाल,प्रमुख एवं संकायाध्यक्ष शिक्षा




विभाग,चै.चरण सिंह विश्वविद्यालय; प्रो. अरबिंद झा,स्कूल ऑफ एजुकेशन, इग्नू; डॉ.अनिमेष पुरी, निदेशक, किनाक्सिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं श्री विवेक नंदा, कॉरपोरेट लीडर और प्रेरक वक्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर बीएबीएड एवं बीकॉम संकाय के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। आमंत्रित अतिथि गण को तुलसी के पौधे प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में नव छात्रों का पंजीकरण किया गया ।ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवांतुक विद्यार्थियों को संस्थान की संस्कृति से अवगत कराना और उनका नए वातावरण में समायोजन करना है। सभी अतिथियों ने छात्रों को भविष्य की नई यात्रा में प्रवेश हेतु संस्थान एवं संकाय से लेकर स्कूल शिक्षा और कॉरपोरेट तक की सभी गतिविधियों को बारीकी से उनके समक्ष रखा। प्रथम दिवस के दूसरे भाग में दोनों संकाय के छात्रों को उनके शिक्षकों और उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय से अवगत कराया गया। प्रथम दिवस का समापन छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे पासिंग दा पार्सल, सेल्फी क्रियाकलाप और रोचक प्रकार की खोया-पाया के द्वारा किया गया। विजेता छात्र छात्राओं को अगले दिन पुरुस्कार की घोषणा के साथ प्रथम दिवस का समापन किया गया।

## पानी पानी हुआ बाराबंकी, टापू बने गली चौबारे

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में पिछले 36 घंटों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। हजारों की तादाद में घरों और दुकानों में पानी भर गया है। शहर स्थित जमुरिया नाला उफनाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है। तमाम दफ्तरों, अस्पताल और थानों में भी पानी भर गया है। जिला प्रशासन ने एनडीआरफ टीम को बुलाया है जो बाढ़ में फंसे लोगों को बाहर निकाल रहे हैं।

शहर कोतवाली क्षेत्र में आज सुबह बारिश के दौरान कच्ची दीवार गिरने से सगे भाई बहन की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्राम जरसंडा निवासी आकाश कनौजिया और राधा कनौजिया की पुत्री अंशिका (9) और पुत्र सौरभ (07) घर से शौच के लिए निकले थे। वापस लौटते समय गांव के ही सोनेलाल के घर की कच्ची दीवार भरभराकर ढह गई और भाई बहन मलबे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

रविवार रात करीब 12 बजे से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से शहर के तमाम मोहल्ले में पानी भर गया है। बड़ी संख्या में चौपहिया वाहन पानी में डूब गए हैं। जमुरिया नाला उफनाने से आसपास के मोहल्लों के अलावा तमाम सड़कें पानी से लबालब हो गई हैं। हजारों लोग अपने घरों में कैद हैं। कई मोहल्लों में पेयजल का संकट खड़ा हो गया है दुकानों और घरों में पानी भरने से भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## सितंबर महीने का राशिफल

### मेष (19 मार्च-21 अप्रैल)

इस महीने आप पर काम का बोझ रहेगा, लेकिन महीने के अंत तक आप सभी मुश्किलों से पार पा लेंगे। आर्थिक मामलों में आपके आस-पास की कोई महिला आपका मार्गदर्शन करेगी या आपकी आर्थिक मदद करेगी। स्वास्थ्य में सुधार होता दिख रहा है क्योंकि आपने एक अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। कोई बुजुर्ग आपको कुछ जीवन बदलने वाली सलाह देगा, उनकी बात जरूर सुनें। इस महीने में अप्रत्याशित धन का आगमन होगा।

शुभ रंग- लाल, सुनहरा।
शुभ अंक- 1, 3, 9

### वृषभ (अप्रैल 20- मई 20)

इस महीने आपके आस-पास का कोई बुजुर्ग पुरुष आपको काम पर कठिन समय देगा क्योंकि उन्हें लगता है कि आपमें क्षमता है, कड़ी मेहनत करना सुनिश्चित करें। उनकी सलाह को भी गंभीरता से लें। आर्थिक मामलों में आपको कुछ गंभीर नुकसान का सामना करना पड़ेगा इसलिए अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य के मामले में आप बेहतर महसूस करने लगेंगे। आप में से कुछ को संघर्षों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन वे सभी बाधाओं को पार कर लेंगे।

शुभ रंग- नीला, भूरा।
शुभ अंक- 2, 9

### मिथुन (21 मई - 20 जून)

इस महीने आपका करियर आपसे अपने आस-पास के लोगों को सलाह देने और अपने ज्ञान को साझा करने की मांग करता है। वित्त के मामले में आपको अपने सामने आने वाले वित्तीय संघर्षों को हल करने के लिए बॉक्स से बाहर सोचना पड़ सकता है। आपके स्वास्थ्य में भारी सुधार होगा, प्रकृति में कुछ समय अवश्य व्यतीत करें। आगे एक बहुत ही तनावपूर्ण महीना, आप अभिभूत महसूस कर सकते हैं।

शुभ रंग- नीला, लाल
शुभ अंक- 8,9

### कर्क (21 जून - 22 जुलाई)

इस महीने आप अपने अतीत के किसी ऐसे व्यक्ति से मिल सकते हैं जो आपके करियर में आपकी मदद कर सकता है। वित्त के मामले में भाग्य आपका साथ दे रहा है, एक अप्रत्याशित कैरियर प्रस्ताव आपके वित्त को तेजी से बढ़ने में मदद करेगा। आप किसी गंभीर बीमारी से उबर सकते हैं। आप में से कुछ लोग सुस्ती महसूस कर सकते हैं लेकिन यह जल्द ही बीत जाएगा। अच्छे इरादों के साथ कुछ परोपकार के काम अवश्य करें।

शुभ रंग- हरा, सुनहरा
शुभ अंक- 6

### सिंह (जुलाई 22- अगस्त 22)

इस महीने आपके करियर के विकल्प आपको खुश कर देंगे। आप में से कुछ पदोन्नति की उम्मीद कर सकते हैं। धन के मामले में आप अपने वित्त को बहुत अच्छी तरह से प्रबंधित कर रहे हैं लेकिन बुद्धिमानी से खर्च करना सुनिश्चित करें। आपका स्वास्थ्य अब बेहतर है और यह आपको खुश करता है। इस महीने आप शक्तिहीन महसूस कर सकते हैं, अनावश्यक संघर्ष से दूर रहना सुनिश्चित करें। कोई आपको धमका सकता है या आपका फायदा उठा सकता है इसलिए सतर्क रहें।

शुभ अंक- 3, 8
शुभ रंग- पीला, ग्रे

### कन्या (23 अगस्त- 22 सितंबर)

इस महीने आप अपने करियर से खुश हैं, आपकी मेहनत रंग लाने लगी है। वित्त के मामले में आप बेहतर भविष्य के लिए निवेश के मामले में कुछ स्मार्ट विकल्प बनाएंगे। आपका स्वास्थ्य यह एक कठिन महीना होने वाला है, सभी संभावित कार्यों की जांच करना सुनिश्चित करें। इस महीने आपका दृष्टिकोण नकारात्मक हो सकता है और कुछ चिंता के मुद्दों का सामना करना पड़ सकता है, अपने अंतर्ज्ञान पर भरोसाकरनासुनिश्चितकरें।

शुभ अंक- 7, 10
शुभ रंग- सफेद, बैंगनी

### तुला (23 सितंबर- 22 अक्टूबर)

इस महीने आप अपने आस-पास की महिला हैं, आपके करियर में आपकी मदद करेंगे या कुछ लोगों के लिए अपने करियर के मामले में आप कुछ नया शुरू करने की सोच रहे होंगे जिसके लिए आप कुछ शोध कर रहे हैं। वित्त के मामले में आप बहुत खुश नहीं हैं क्योंकि आप अधिक की उम्मीद कर रहे थे, आपके पास पहले से जो है उसके लिए अपना आभार व्यक्त करना सुनिश्चित करें। यदि आप किसी स्वास्थ्य समस्या से निपट रहे थे, तो अब ठीक होने का समय है। इस महीने आप अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत करेंगे।

शुभ अंक- 4, 7
शुभ रंग- सफेद, नीला

### वृश्चिक (23 अक्टूबर- 21 नवंबर)

इस महीने आपके कार्यस्थल पर लोग आपके बारे में बुरी बातें कर रहे हैं, आप में से कुछ लोगों को उनके सहकर्मियों द्वारा धोखा भी दिया जा सकता है इसलिए सावधान रहें। वित्त के संदर्भ में, आपके आस-पास का एक बुजुर्ग पुरुष आपको कुछ जीवन बदलने वाली सलाह देगा, इसलिए कृपया उन्हें सुनें। आपके स्वास्थ्य में सुधार होना शुरू हो जाएगा, कुछ व्यायाम अवश्य करें। आप में से कुछ लोग अपने जीवन में फंस सकते हैं, अब सभी तनाव को छोड़ने का समय है, आपके आस-पास की एक बुजुर्ग महिलाएं आपको मार्गदर्शन करेंगी और उन पर भरोसा करना सुनिश्चित करेंगी। आप में से कुछ लोग यात्रा भी कर सकते हैं।

शुभ अंक- 2, 10
शुभरंग- सिल्वर, ब्राउन

### धनु (22 नवंबर - 21 दिसंबर)

इस महीने करियर के मामले में आप अपने लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए केंद्रित रहेंगे, आप में से कुछ लोग कड़ी मेहनत भी कर सकते हैं और कुछ मान्यता प्राप्त कर सकते हैं। आपकी वित्तीय स्थिति आपकी अपेक्षा से अधिक है। आप में से कुछ लोग पदोन्नति की भी उम्मीद कर सकते हैं। आप जो तनाव ले रहे हैं, उसके कारण आपका स्वास्थ्य बिगड़ेगा। इस महीने किसी तरह के आर्थिक लाभ की उम्मीद की जा सकती है।

शुभ अंक- 6, 8
शुभ रंग- गोल्डन, पर्पल

### मकर (दिसंबर 22- जनवरी 19)

करियर के संदर्भ में यह महीना यदि आप साझेदारी में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहे हैं तो अब सही समय है। इस महीने आपकी वित्तीय स्थिति कठिन रहेगी इसलिए अपने वित्त पर नियंत्रण रखना सुनिश्चित करें। आपके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है और अब बीमारी से उबरने का समय है। आशा न छोड़ें कि आप अपने जीवन के संघर्षों के माध्यम से आधा रास्ता तय कर चुके हैं, जल्द ही सब कुछ ठीक हो जाएगा।

शुभ अंक- 2, 9
शुभ रंग- हरा, लाल

### कुंभ (20 जनवरी - 18 फरवरी)


- इस महीने आप विदेश जा सकते हैं जहां आपको एक शानदार करियर का अवसर मिलेगा। एक बुजुर्ग पुरुष आपके वित्त में आपकी सहायता करेगा, इसलिए उनकी मदद मांगने में संकोच न करें। आपके स्वास्थ्य में भारी बदलाव देखा जा सकता है और आप अब काफी बेहतर होंगे। सुनिश्चित करें कि किसी पर आसानी से भरोसा न करें क्योंकि कोई आपको धोखा दे सकता है लेकिन चीजें जल्द ही सुधर जाएंगी।

शुभ अंक- 1, 8
शुभ रंग- नीला, भूरा

### मीन (19 फरवरी- 20 मार्च)

इस महीने करियर के मामले में किसी बड़ी खबर की उम्मीद की जा सकती है, कुछ नए विचार भी आपके दिमाग में आ रहे हैं। पैसों के मामले में किसी पर भी आसानी से भरोसा न करें, आपकी कुछ पिछली गलती आपको क्षतिपूर्ति दिलाएगी इसलिए सावधान रहें। आपके स्वास्थ्य में काफी सुधार होगा, प्रकृति में कुछ समय बिताना सुनिश्चित करें। कोई व्यक्ति आपका मार्गदर्शन करना चाहता है, उन पर भरोसा करना सुनिश्चित करें।

शुभ अंक- 7, 8
शुभ रंग- गुलाबी, मेजेंटा



आस्था एम साहनी